संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

**छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं।**



**17 अप्रैल : तमबोरा ज्वालामुखी विस्फोट ने मचाई थी वैश्विक तबाही**

पूर्णिया ,शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डेली डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 03 , अंक 04

# भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को नई गति, प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर स्टॉकर के बीच व्यापक वार्ता



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के बीच गुरुवार को दिल्ली में हुई उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता ने भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को नई दिशा देने का काम किया। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, तकनीक, हरित ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग सहित कई क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा हैदराबाद हाउस में हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने पूरे द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान रक्षा, नवाचार, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद-रोधी सहयोग जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति पर सहमति बनी। बैठक के बाद छह प्रमुख समझौते, एमओयू और लेटर ऑफ इंटेंट का आदान-प्रदान भी किया गया।

15 ठोस परिणामों पर बनी सहमति विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, इस बैठक में कुल 15 ठोस परिणाम सामने आए। इनमें हाई-टेक्नोलॉजी सहयोग को साझेदारी का केंद्रीय स्तंभ माना गया।

**आतंकवाद और वैश्विक मुद्दों पर साझा रुख:** दोनों देशों ने क्रॉस-बॉर्डर आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए इसके खिलाफ संयुक्त प्रयासों पर जोर दिया। आतंकवाद वित्तपोषण रोकने और उभरती तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने के लिए संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति बनी।

**भविष्य की साझेदारी और नई पहल:** बैठक में 2026 में वियना में स्पेस इंडस्ट्री सेमिनार और वर्किंग हॉलिडे प्रोग्राम शुरू करने पर भी सहमति बनी। दोनों नेताओं ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बताया, जबकि चांसलर स्टॉकर ने इसे 75 साल पुराने रिश्तों में नया अध्याय करार दिया।

- ऑडियो-विज़ुअल को-प्रोडक्शन पर सहयोग
- फूड सेफ्टी और मानकों पर समझौता
- रक्षा सहयोग को मजबूत करने का लेटर ऑफ इंटेंट
- संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन केंद्रों के बीच साझेदारी

**अन्य महत्वपूर्ण निर्णय:**

01: काउंटर-टेररिज्म सहयोग के लिए संयुक्त कार्य समूह

02: सूचना साझा करने और क्षमता निर्माण पर सहयोग

03: FATF और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर साझेदारी

## आरक्षण को महिलाओं का हक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, इसे लटकाए रखने के पाप से मुक्ति पाने का अवसर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि सरकार द्वारा प्रस्तुत तीनों विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित किया जाए, ताकि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा निर्णय है।



**विपक्ष के आरोपों का जवाब:** प्रधानमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को रोकना अब इतिहास का हिस्सा होना चाहिए और इसे आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी दलों से इसे राष्ट्रहित में देखने की अपील की।

**महिलाओं की भागीदारी पर जोर:** प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर से लेकर शहरी निकायों तक बड़ी संख्या में महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं, जो यह दर्शाता है कि वे शासन व्यवस्था में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा।

**परिसीमन पर दिया आश्वासन** मोदी ने परिसीमन को लेकर उठ रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सीटों में वृद्धि या बदलाव संतुलित तरीके से किया जाएगा और इसमें पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति 19-21 अप्रैल तक भारत दौरे पर



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग 19-21 अप्रैल तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। राष्ट्रपति ली की यह भारत की पहली यात्रा होगी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार ली म्युंग के साथ प्रथम महिला किम हे क्युंग और उनके मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी तथा व्यापारिक नेताओं का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। इस दौरान राष्ट्रपति ली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। वह प्रधानमंत्री मोदी से जहाज निर्माण, व्यापार, निवेश, एआई, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण तथा उभरती प्रौद्योगिकियां, लोगों से लोगों का जुड़ाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा दोनों नेता आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी उनके सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु म्युंग के सम्मान में एक राजकीय भोज का आयोजन करेंगी।उल्लेखनीय है कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच एक बहुआयामी साझेदारी है जिसकी जड़ें प्राचीन सभ्यतागत संबंधों और लोकतंत्र तथा कानून के शासन के साझा मूल्यों में निहित हैं।

## कूचबिहार में केंद्रीय बल के 14 जवान बीमार, चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट




**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले तैनात केंद्रीय बल के 24 जवानों के अचानक बीमार पड़ने से हड़कंप मच गया है। यह घटना कूचबिहार जिले के तुफानगंज स्थित तल्लीगुड़ी हाई स्कूल की है, जहां जवान ठहरे हुए थे। सूत्रों के अनुसार, 'एड हॉक-601, सी कंपनी' के जवानों ने पेट दर्द और बदन दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुफानगंज उपजिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद 10 जवानों को छुट्टी दे दी गई, जबकि चार को निगरानी में रखा गया है। सभी जवान असम के नागांव से सोमवार को कूचबिहार पहुंचे थे। प्राथमिक अनुमान के मुताबिक, डिहाइड्रेशन और संभवतः दूषित भोजन या पानी के कारण फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। बताया गया कि जवान स्कूल परिसर में स्वयं खाना बना रहे थे। चुनाव आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने जल्द जांच के निर्देश दिए हैं।

### किराए के नाम पर करोड़ों की ठगी, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (हि.स.) मध्य जिले के देश बंधु रोड (डीबीजी) थाना पुलिस ने किराए और लीज के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक ही संपत्ति को अलग-अलग लोगों को दिखाकर धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार कुल ठगी की राशि लगभग 2 करोड़ रुपये है। मामला 29 दिसंबर 2025 को दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता, भारतीय रेलवे का दृष्टिबाधित कर्मचारी है, जिसने आरोप लगाया कि रविंद्र गर्ग ने करोल बाग स्थित अपनी संपत्ति 14.5 लाख रुपये में लीज पर देने का सौदा किया और नोटरी दस्तावेज भी तैयार किए। बाद में पता चला कि वह संपत्ति पहले से फाइनेंस कंपनी के कब्जे में थी।

पुलिस ने तकनीकी निगरानी के आधार पर आरोपी को नंगल देवत गांव से गिरफ्तार किया, जहां वह टैक्सी चालक के रूप में काम कर रहा था। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और जांच जारी है।

## ट्रंप का दावा- इजराइल-लेबनान के बीच आज से दस दिन का सीजफायर लागू



**वॉशिंगटन/बेरूत,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि इजराइल और लेबनान के बीच आज से 10 दिनों का युद्धविराम (सीजफायर) लागू होगा। उन्होंने बताया कि यह सीजफायर अमेरिकी समयानुसार शाम 5 बजे से प्रभावी होगा।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने लेबनान के राष्ट्रपति जोशेफ औन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की है। उनके अनुसार, दोनों नेताओं ने शांति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अस्थायी युद्धविराम पर सहमति जताई है।ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि दोनों देशों के बीच स्थायी शांति स्थापित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने अब तक दुनिया में कई संघर्षों को सुलझाने में भूमिका निभाई है और यह उनका "दसवां" प्रयास होगा।

इससे पहले, वॉशिंगटन में इजराइल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच करीब 34 वर्षों बाद प्रत्यक्ष वार्ता हुई थी। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी शामिल थे।ट्रंप ने कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री रूबियो को निर्देश दिया है कि वे दोनों देशों के साथ मिलकर दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रखें। साथ ही, अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारी डैन केन को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया है।हालांकि, इस सीजफायर को लेकर दोनों देशों की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। इससे पहले लेबनान के राष्ट्रपति ने सीजफायर से पहले किसी भी बातचीत से इनकार किया था, जिससे स्थिति और जटिल हो गई थी।

## परिसीमन के जरिए राजनीतिक हित साध रही सरकार : प्रियंका




**नई दिल्ली**, (हि.स.)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। लोकसभा में परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयकों पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष को धर्मसंकट में डालकर मनमानी करना चाहती है और देश को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना चाहती है, जिससे जातिगत जनगणना के आधार पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने से बचा जा सके। प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकसभा सीटों में प्रस्तावित 50 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद प्रक्रिया स्पष्ट नहीं है और यह केवल "खोखले आश्वासन" हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि परिसीमन से राज्यों के प्रतिनिधित्व संतुलन में बदलाव होगा और असम जैसे राज्यों में राजनीतिक लाभ के लिए सीमाएं बदली गई हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार धीरे-धीरे लोकतांत्रिक संस्थाओं पर नियंत्रण बढ़ा रही है और अब लोकतंत्र पर सीधा प्रहार किया जा रहा है।

## वस्त्र मंत्रालय और फेमिना मिस इंडिया के बीच समझौते से भारतीय हथकरघा को मिलेगी वैश्विक पहचान




**नई दिल्ली**, (हि.स.)।नई दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय के अधीन हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय ने 'फेमिना मिस इंडिया' के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य 'विश्व सूत्र–भारत की बुनाई दुनिया के लिए' कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय हथकरघा की समृद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना है। मिस इंडिया ग्रैंड फिनाले में विशेष हथकरघा संग्रह का अनावरण किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राज्यों की बुनाई परंपराओं से प्रेरित परिधान प्रस्तुत होंगे। इन परिधानों में वाराणसी ब्रोकेड, कांचीपुरम, पटोला, इकत, माहेश्वरी, पश्मीना और अन्य क्षेत्रीय शैलियां शामिल हैं। यह पहल 5एफ विजन और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन और भारतीय वस्त्रों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। विकास आयुक्त (हथकरघा) डॉ. एम बीना ने कहा कि इससे युवाओं और अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं में हथकरघा की दृश्यता बढ़ेगी।

## तीन दिन की तैयारी ने लगाई थी नोएडा में आग



**नोएडा,** (हि.स.)। नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुए श्रमिक प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने की साजिश का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस पूरे मामले की तैयारी तीन दिन पहले से ही कई स्तरों पर की जा रही थी। सोशल मीडिया और औद्योगिक क्षेत्रों में सक्रिय कुछ लोगों ने माहौल को जानबूझकर उग्र बनाया।

**80 से अधिक वॉट्सऐप ग्रुप का नेटवर्क:** जांच में पता चला है कि तीन दिनों के भीतर 80 से ज्यादा वॉट्सऐप ग्रुप बनाए गए, जिनमें से लगभग 50 की जानकारी पुलिस को मिल चुकी है। इन ग्रुपों में श्रमिकों की वास्तविक मांगों पर चर्चा के बजाय फैक्टरियों में तोड़फोड़ और भीड़ जुटाने जैसी भड़काऊ बातें साझा की जा रही थीं।

**50 से ज्यादा एक्स हैंडल की जांच:** पुलिस को 50 से अधिक संदिग्ध एक्स (ट्विटर) हैंडल मिले हैं, जिन्हें हिंसा से ठीक पहले सक्रिय किया गया था। इन अकाउंट्स के जरिए उकसाने वाली पोस्ट डाली जा रही थीं। पुलिस ने इनकी पहचान के लिए सोशल मीडिया कंपनी से संपर्क किया है।

- **80 से अधिक वॉट्सऐप ग्रुप बनाए गए, जिनमें से करीब 50 की जानकारी पुलिस को मिल चुकी है।**

**18 गिरफ्तार, जांच जारी**

डीसीपी शैव्या गोयल के अनुसार मजदूर बिगुल दस्ता से जुड़े रूपेश राय सहित 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह पूरी गतिविधि संगठित और पूर्व नियोजित थी तथा आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

## वेदांता पावर प्लांट हादसा : प्रबंधन की लापरवाही उजागर, चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत 19 पर एफआईआर



**सक्ती,** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में हुए बॉयलर ब्लास्ट हादसे की जांच में बड़ी लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, प्लांट हेड देवेंद्र पटेल सहित 19 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर बीएनएस की धारा 106, 289 और 3-5 के तहत मामला दर्ज हुआ है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि जांच में अन्य लोगों की भूमिका मिलने पर उन्हें भी शामिल किया जाएगा। 14 अप्रैल को हुए इस हादसे में अब तक 20 मजदूरों की मौत हो चुकी है, जबकि 16 घायल हैं, जिनका इलाज रायगढ़ और रायपुर में जारी है। मृतकों में पांच छत्तीसगढ़ और बाकी अन्य राज्यों के श्रमिक शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं और मृतकों के परिजनों को 5 लाख तथा घायलों को 50 हजार सहायता देने की घोषणा की है। पीएम राहत कोष से भी मुआवजा घोषित किया गया है। वेदांता प्रबंधन ने 35 लाख और नौकरी देने की घोषणा की है। जांच जारी है

## नोएडा हिंसा की साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़े, भड़काऊ पोस्ट करने वाले अकाउंट सीमा पार से हो रहे थे संचालित



**नोएडा** (हि.स.) नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर हुए श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 13 अप्रैल को हुए उग्र आंदोलन के पीछे विदेशी, विशेषकर पाकिस्तान से संचालित सोशल मीडिया नेटवर्क की भूमिका सामने आई है। जांच में पाया गया कि कुछ एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट, जिनके नाम भारतीय व्यक्तियों के रूप में दिखाए गए थे, वास्तव में पाकिस्तान से ऑपरेट किए जा रहे थे और श्रमिकों को भड़काने का काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, वीपीएन के जरिए डिजिटल ट्रैक छिपाने की कोशिश की गई। अब तक 66 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें 42 बाहरी तत्व हैं। इस मामले में 13 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस ने कहा कि हिंसा एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य औद्योगिक माहौल को खराब करना था। आठ टीमें जांच में लगी हैं और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। NSA के तहत भी कार्रवाई की तैयारी है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# मुख्यमंत्री सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक, प्रशासनिक व्यवस्था पर हुआ मंथन

**पटना,** (हि.स.) बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सहित कई वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राज्य के विकास, प्रशासनिक सुधार और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



**प्रशासनिक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श:** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ राज्य की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था, विकास योजनाओं की प्रगति और उनकी प्रभावशीलता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से आम जनता तक पहुंचे। साथ ही लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

**समन्वय और पारदर्शिता पर बल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सुशासन और पारदर्शिता है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**मुख्यमंत्री सचिवालय का निरीक्षण:** बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्य व्यवस्था, फाइलों के निष्पादन की गति और कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई और कार्यकुशलता को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

**बेहतर प्रशासन के लिए प्रतिबद्धता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रशासन को अधिक संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन में लोगों का विश्वास और मजबूत हो सके।

# मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी में मत्था टेका, राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

**पटना,** (हि.स.) मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब पहुंचे। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया।मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि गुरू की प्रेरणा से देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश



विकास के पथ पर अग्रसर है। नीतीश कुमार ने बिहार का लंबे समय तक नेतृत्व करते हुये राज्य को आगे बढ़ाया है। हमलोगों ने बेहतर तरीके से 350वां प्रकाश पर्व मनाया है। यहां की संरचना को काफी बेहतर किया गया है। श्री गुरुगोविंद सिंह जी महाराज की पूरे प्रदेश पर कृपा बनी रहे। राज्य समृद्ध हो, देश विकसित हो, यही हमारी कामना है। इस अवसर पर विधायक डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सदस्यगण, सेवादार एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# जदयू दफ्तर पहुंचे निशांत कुमार, बोले—पिता नीतीश कुमार के आदर्शों पर आगे बढ़ाएंगे संगठन

**पटना,** (हि.स.) जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब निशांत कुमार अचानक पार्टी दफ्तर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने और राज्यभर में जनसंपर्क बढ़ाने की अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया।

**पिता के आदर्शों पर चलने का संकल्प:** निशांत कुमार ने कहा कि वे अपने पिता नीतीश कुमार के आदर्शों पर चलते हुए राजनीति में आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता



ने अपना पूरा जीवन संगठन को मजबूत करने और बिहार के विकास में लगाया है, जिसे वे आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

**पूरे बिहार का करेंगे दौरा:** उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आने वाले समय में पूरे बिहार का दौरा करेंगे और आम लोगों से सीधे संवाद स्थापित करेंगे। "मैं गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को समझूंगा और उनके समाधान के लिए काम करूंगा," उन्होंने कहा। साथ ही यह भी जोड़ा कि जो काम अब तक अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करना उनकी प्राथमिकता होगी।

**पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, निभाऊंगा:** निशांत कुमार ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के फैसलों का सम्मान करेंगे और जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जाएगी, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उनके इस बयान को जदयू में उनकी सक्रिय भूमिका की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

**चेतन आनंद का समर्थन, विपक्ष पर हमला:** इस मौके पर चेतन आनंद भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को "बड़ा भाई" बताते हुए शुभकामनाएं दीं। चेतन आनंद ने कहा कि निशांत कुमार अपने पिता के 20 वर्षों के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि आरोप लगाना विपक्ष का काम है, लेकिन जदयू कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

# मुख्यमंत्री सम्राट पहुंचे सचिवालय, अधिकारियों के साथ की बैठक, विजय चौधरी ने पदभार किया ग्रहण

**पटना,** (हि.स.) मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। गुरुवार सुबह उन्होंने सचिवालय पहुंचकर सभी विभागों के प्रधान सचिवों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

**प्रशासनिक कसावट पर जोर:** मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान विभागों के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में



किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

**तीन नेताओं पर विभागों की जिम्मेदारी:** बता दें कि सम्राट चौधरी ने बुधवार को बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके साथ विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। फिलहाल कैबिनेट का विस्तार नहीं हुआ है, ऐसे में मुख्यमंत्री के पास 29 विभाग, विजय चौधरी के पास 10 और बिजेंद्र यादव के पास 8 विभागों की जिम्मेदारी है। कैबिनेट विस्तार के बाद विभागों का पुनर्वितरण किया जाएगा।

**उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने संभाला जल संसाधन विभाग**
दूसरी ओर, जदयू कोटे से उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने सिंचाई भवन स्थित जल संसाधन विभाग का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान विभागीय प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा भी की।

# बॉर्डर पर 'No Fuel' नियम: नेपाली वाहनों को पेट्रोल-डीजल पर रोक, तस्करी पर लगाम



**पटना,** (हि.स.) भारत-नेपाल सीमा पर पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी और तस्करी रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। सीमावर्ती पेट्रोल पंपों पर अब नेपाली नंबर प्लेट वाले वाहनों को ईंधन देने पर रोक लगा दी गई है। तेल कंपनियों और प्रशासन के निर्देश के बाद यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। नेपाल में ईंधन की कीमतें भारत से अधिक होने के कारण लंबे समय से सीमा क्षेत्र में अवैध खरीद-बिक्री और तस्करी का नेटवर्क सक्रिय था। इसे देखते हुए सीतामढ़ी समेत सीमावर्ती जिलों के पेट्रोल पंपों पर यह कार्रवाई की गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि शिकायतों के बाद यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, आपात स्थिति में सीमित मात्रा में ईंधन देने की छूट भी दी गई है। स्थानीय पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार, नेपाली वाहनों की अधिकता से स्थानीय उपभोक्ताओं को कठिनाई हो रही थी, जिसे अब काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा।

# बिहार में जनगणना 2027 की शुरुआत 17 अप्रैल से, नागरिक खुद भर सकेंगे ऑनलाइन फॉर्म



**02 मई से 31 मई तक घर-घर सर्वेक्षण में पहुंचेंगे प्रगणक**
02 मई से 31 मई के बीच जब प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे, तब स्व-गणना आईडी के आधार पर हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन पूरा किया जाएगा। सरकार ने साफ किया है कि जो लोग ऑनलाइन भाग नहीं लेंगे, उनका सर्वे भी घर-घर जाकर किया जाएगा। यह देश का पहला मौका है जब नागरिकों को खुद अपनी गिनती में शामिल होने का अवसर मिला है। ऐसे में इसे चूकना नहीं चाहिए। खास बात यह भी है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत दी गई हर जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी और इसका इस्तेमाल सिर्फ विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में किया जाएगा।

**पोर्टल पर जवाब दें 33 सवालों का, स्व-गणना आईडी रखें सुरक्षित:**
स्व-गणना के दौरान नागरिकों को 33 अहम सवालों के जवाब देने होंगे, जिनमें आवास की स्थिति, परिवार की संरचना, जल और स्वच्छता सुविधाएं, ऊर्जा के स्रोत और घरेलू उपकरणों तक की जानकारी शामिल है। यही डेटा आगे तय करेगा कि सरकार की योजनाएं किस दिशा में जाएंगी और किन क्षेत्रों को प्राथमिकता मिलेगी। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होते ही हर परिवार को एक यूनिक स्व-गणना आईडी मिलेगी, जो आगे पूरे सर्वे की डिजिटल चाबी होगी।

**पटना,** (हि.स.) बिहार में जनगणना 2027 का आगाज शुक्रवार 17 अप्रैल से एक नए और आधुनिक अंदाज में होगा। पहली बार राज्य के करोड़ों लोगों को खुद अपनी जानकारी दर्ज करने का अधिकार मिला है। सरकार ने इसे जनभागीदारी आधारित डिजिटल क्रांति करार दिया है। इसे लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में 'जनगणना 2027' के मकान सूचीकरण के दौरान स्व-गणना 17 अप्रैल से 01 मई से संबंधित तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सचिवालय सभा कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रधान जनगणना अधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने स्पष्ट किया कि यह एक राष्ट्रहित का कार्य है और सभी को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही कार्य करना है। जनगणना का कार्य दो चरणों में प्रस्तावित है। प्रथम चरण की शुरुवात दिनांक 02 मई,2026 से मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के कार्य से शुरू होगा परंतु इसके पूर्व दिनांक 17 अप्रैल से स्व-गणना का कार्य आरंभ होगा जो 1 मई तक चलेगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और सचिवों को इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया। 17 अप्रैल से 01 मई तक चलने वाली इस 15 दिवसीय स्व-गणना प्रक्रिया में नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपने घर, परिवार और सुविधाओं से जुड़ी पूरी जानकारी खुद भर सकेंगे। यानी अब जनगणना सिर्फ सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि आम लोगों की सीधी भागीदारी का अभियान बन गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने गुरुवार को इसे जनगणना प्रणाली में बड़ा बदलाव बताते हुए कहा कि इससे आंकड़े अधिक सटीक, पारदर्शी और आधुनिक होंगे। साथ ही सरकार को योजनाएं बनाने के लिए रियल टाइम और भरोसेमंद डेटा मिलेगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दिया भरोसा, बिहार की जनता की सेवा में कोई कमी नहीं होगी

**पटना,** (हि.स.)

**01: कार्यकर्ताओं के त्याग, परिश्रम और समर्पण को सफलता का आधार बताया**
-------------
**02 : उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव को दी बधाई**
-------------

बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बनी सरकार को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं को पत्र लिखकर अपनी खुशी साझा की है।

**ऐतिहासिक दिन पर गर्व की अभिव्यक्ति:** प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा कि यह दिन सभी कार्यकर्ताओं के लिए हर्ष और गौरव का क्षण है। उन्होंने सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ को ऐतिहासिक बताते हुए इसे पार्टी के दशकों के संघर्ष का परिणाम बताया।

**कार्यकर्ताओं के समर्पण को दिया श्रेय:** सरावगी ने बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के हर कार्यकर्ता के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, त्याग और समर्पण ने ही इस गौरवपूर्ण क्षण को संभव बनाया है।

उपमुख्यमंत्रियों को दी बधाई उन्होंने जनता दल (यू) के नेताओं विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

**विकास के नए अध्याय का दावा:** प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेतृत्व में बनी यह सरकार बिहार के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल परिवर्तन नहीं, बल्कि सुशासन की निरंतरता है, जिसे और अधिक ऊर्जा और संकल्प के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

**सेवा और संकल्प का आह्वान**
सरावगी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता की सेवा में पूरी निष्ठा से जुटें। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की मजबूत नींव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। साथ ही, उन्होंने संगठन में पहले से लागू "एसएएमएमएएन" आचार-संहिता को भी अनुकरणीय बताया।
इस प्रकार, भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने इस अवसर को न केवल उत्सव, बल्कि नए संकल्प और जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया है।

# सूरत से कुख्यात अपराधी भोला सिंह गिरफ्तार, अपहरण कांड में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

**पटना, /सूरत** (हि.स.) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बाढ़ अनुमंडल के पंडारक निवासी कुख्यात अपराधी भोला सिंह उर्फ गौतम कुमार उर्फ अमित शर्मा को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी आरसी 1(5)/2015 मामले के तहत की गई है, जो उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई को सौंपा गया था।

**2014 के अपहरण कांड से जुड़ा मामला:** यह मामला कोलकाता के दो निवासियों के अपहरण से संबंधित है,



जो 14 जुलाई 2014 से लापता हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, भोला सिंह इस गंभीर अपराध में मुख्य आरोपियों में शामिल रहा है और लंबे समय से फरार चल रहा था।

**11 आपराधिक मामलों में वांछित:** सीबीआई के अनुसार, आरोपी बिहार पुलिस द्वारा दर्ज 11 संगीन मामलों में वांछित है। इन मामलों में अपहरण, हत्या का प्रयास, हत्या, अवैध हथियार और विस्फोटक रखने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। वर्ष 2015 में जांच शुरू होने के बाद से ही वह फरार था और फर्जी पहचान 'अमित शर्मा' के नाम से सूरत में रह रहा था।

**सुनियोजित अभियान से गिरफ्तारी:** सीबीआई ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के ठिकाने की पहचान की और एक सुनियोजित अभियान चलाकर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे सूरत की स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**कोलकाता ले जाकर होगी पूछताछ:** ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद आरोपी को कोलकाता ले जाया जाएगा, जहां उसे पुलिस रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी। बताया जाता है कि भोला सिंह का नाम पहले भी कई विवादों में सामने आता रहा है और उसका संबंध मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह से भी जुड़ा रहा है।

# प्रगति यात्रा से सम्बंधित योजनाओं की धीमी रफ्तार पर प्रमंडलीय आयुक्त दिखे सख्त

## एक सप्ताह में मांगा जवाब,योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन के निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार (भा.प्र.से.) ने गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं की धीमी प्रगति पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है, उसके लिए संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के भीतर सकारण प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज जिलों के जिला पदाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और 'सात निश्चय-3' के तहत चल रही परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।





**पूर्णिया में 9 में सिर्फ 1 योजना पूरी:** समीक्षा के दौरान बताया गया कि पूर्णिया जिले में घोषित 9 योजनाओं में से केवल 1 योजना ही पूरी हो सकी है, जबकि 6 योजनाओं पर कार्य जारी है और शेष योजनाएं निविदा प्रक्रिया में हैं।

**कटिहार व अररिया में भी अधूरी प्रगति:** जिले में कुल 7 योजनाओं में से 3 पर काम शुरू हुआ है, जबकि 3 योजनाएं प्रगति पर हैं और एक योजना अभी निविदा में है।अररिया जिले में 7 योजनाओं में से 5 पर कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन 2 योजनाएं अब भी निविदा प्रक्रिया में अटकी हुई हैं।

**किशनगंज में सभी योजनाएं शुरू, फिर भी संतोषजनक नहीं स्थिति:** किशनगंज जिले में सभी 7 योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है, लेकिन उनकी प्रगति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है, जिस पर आयुक्त ने नाराजगी जताई।

**फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष निगरानी का निर्देश:** आयुक्त ने केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें और आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

**इंडस्ट्रियल हब के लिए भूमि चयन में तेजी लाने को कहा:** बैठक में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्रियल हब स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। आयुक्त ने निर्देश दिया कि उपयुक्त भूमि का चयन कर भू-अर्जन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए और प्रस्ताव जल्द से जल्द राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भेजा जाए।

**पुरानी औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं के समाधान पर जोर**
आयुक्त ने कहा कि नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के साथ-साथ पहले से संचालित इकाइयों को आ रही समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

**ढिलाई पर सख्ती, तेजी की उम्मीद:** बैठक के अंत में आयुक्त ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पूर्णिया में जनगणना 2026 की तैयारी पूरी, आज से शुरू होगा पहला चरण

**न्यूज स्केल सुपौल।**

**डीएम अंशुल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, 32 प्रश्नों के साथ ऑनलाइन भी भर सकेंगे विवरण**

--------------------



भारत सरकार द्वारा लंबे अंतराल के बाद देशभर में जनगणना 2026 की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसी क्रम में पूर्णिया जिले में शुक्रवार, 17 अप्रैल से जनगणना का पहला चरण प्रारंभ होगा। इसको लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।

डीएम ने बताया कि इस बार जनगणना कई चरणों में संपन्न होगी, जिसमें पहले चरण में 32 प्रश्न शामिल किए गए हैं। खास बात यह है कि नागरिक स्वयं भी निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके साथ ही आर्थिक जनगणना भी समानांतर रूप से की जाएगी।उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न नीतियां और योजनाएं बनाती है।

जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# नई सरकार से विकास और सुशासन की उम्मीद : बिजेंद्र यादव

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

- **सम्राट चौधरी, बिजेंद्र यादव व विजय चौधरी को दी शुभकामनाएं, रोजगार व नशामुक्ति पर जोर**



बिहार में नई सरकार के गठन पर पूर्णिया कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव एवं विजय चौधरी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी को नई सरकार से विकास, सुशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्रों में ठोस पहल की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के हित में कार्य करने की पक्षधर रही है और राज्य के समग्र विकास की कामना करती है। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

श्री यादव ने कहा कि बिहार वर्तमान में कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें सुखाड़, नशाखोरी का बढ़ता प्रचलन, बेरोजगारी और उद्योगों की कमी प्रमुख हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी नीतियां जरूरी हैं।

कांग्रेस ने राज्य में नए उद्योगों की स्थापना, कृषि सुदृढ़ीकरण और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व्यापक अभियान चलाने की मांग की। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक सहयोग के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर आवाज उठाती रहेगी।

# महापौर विभा कुमारी ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन, कमलपुर बनी विजेता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**अंबेडकर जयंती पर खेल के जरिए सामाजिक एकता का संदेश , खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

वार्ड संख्या 39 स्थित शिव मंदिर चौक, सिटी रोड गुलाबबाग में बुधवार की संध्या आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट लीग मैच का भव्य उद्घाटन महापौर विभा कुमारी ने किया। इस दौरान क्षेत्र में खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन समिति के राजेश मुर्मू, वार्ड पार्षद राकेश राय तथा सिंघिया टोला फुटबॉल क्लब के सदस्यों ने महापौर को बुके भेंट कर सम्मानित किया।

**अंबेडकर जयंती पर दिया प्रेरक संदेश:** महापौर विभा कुमारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर इस तरह का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के योगदान से ही आज बहुजन समाज को अधिकार और सम्मान मिला है। उन्होंने लोगों से "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" के संदेश को अपनाने का आह्वान किया।



**रोमांचक फाइनल में कमलपुर की जीत:** टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कमलपुर और मुंशीबाड़ी हांसदा के बीच खेला गया, जिसमें कमलपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। महापौर ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को कप देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**महिलाओं के अधिकार और संविधान पर जोर:** महापौर ने कहा कि महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने में बाबा साहेब का अहम योगदान है। आज महिलाएं संविधान की ताकत से अपनी बात मजबूती से रख रही हैं। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा के लिए सभी को एकजुट रहना होगा।

**खिलाड़ियों को दी सीख**
खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीत संगठन और संघर्ष का परिणाम है, जबकि असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

इस मौके पर राकेश कुजूर, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बहादुर यादव, राजेश, भागवत उरांव, मनोज उरांव, रंजीत उरांव, रामजी उरांव, मिथुन उरांव, गौतम सिंह, आनंद बजाज, मुकेश राय, पूर्व वार्ड पार्षद नीतू दास, राहुल यादव, मंटू यादव सहित कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण की ऐतिहासिक पहल : भाजपा नेत्री पल्लवी गुप्ता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को बताया प्रेरणादायक, महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने की अपील**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित "नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम" को लेकर पूर्णिया नगर निगम की उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल बताया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमहापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की महिलाएं आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। "नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम" महिलाओं को एकजुट कर उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज और राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं—उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जन-धन योजना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। इन पहलों से शासन-प्रशासन से लेकर उद्यमिता तक महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

पल्लवी गुप्ता ने कहा कि "नारी शक्ति वंदन" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं को उनके अधिकार, सम्मान और अवसर दिलाने का सशक्त अभियान है, जिससे समाज में समानता और समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने नगर निगम क्षेत्र की सभी महिलाओं से अपील की कि वे ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर बनें और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

अंत में उपमहापौर ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देश की नारी शक्ति निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आने वाले समय में भारत को और अधिक सशक्त बनाएगी।

# युवा कांग्रेस का किसान न्याय सत्याग्रह चौथे दिन भी जारी, केंद्र की नीतियों पर तीखा हमला

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

- **यूएस ट्रेड डील रद्द करने और MSP की कानूनी गारंटी की मांग, कई जिलों के नेता हुए शामिल**



पूर्णिया के कृषि उत्पादन बाजार समिति, गुलाबबाग गेट पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित सात दिवसीय किसान न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम चौथे दिन भी जारी रहा। धरना का नेतृत्व युवा अध्यक्ष शेख सद्दाम ने किया, जबकि मंच संचालन कांग्रेस जिला अध्यक्ष अफरोज आलम ने किया।

धरना में कटिहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील यादव विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने प्रस्तावित अमेरिका-भारत कृषि व्यापार समझौते (यूएस ट्रेड डील) पर विस्तार से जानकारी देते हुए केंद्र सरकार की कृषि नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह डील किसानों के हितों के खिलाफ है और इसे तत्काल रद्द किया जाना चाहिए।

शेख सद्दाम ने अपने संबोधन में दो प्रमुख मांगें रखीं—किसान विरोधी यूएस ट्रेड डील रद्द की जाए और MSP को कानूनी गारंटी दी जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां कॉर्पोरेट घरानों के हित में बनाई जा रही हैं, जिससे किसानों और युवाओं को नुकसान होगा।

अफरोज आलम ने कहा कि इस डील के लागू होने से सस्ते आयातित कृषि उत्पादों की भरमार होगी, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलेगा और मंडी व्यवस्था कमजोर पड़ जाएगी। उन्होंने इसे "मोदी–अडानी–ट्रंप की डील" बताते हुए देशहित के खिलाफ करार दिया।

मौके पर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सह प्रभारी बिहार सम्राट जेना, युवा राष्ट्रीय सचिव रिचा सिंह, प्रभारी मुरारी, राष्ट्रीय महासचिव अविनाश जी, सचिव करण जी, सचिव मिथलेश जी, सांसद प्रवक्ता राजेश यादव, गौरव सिंह, असफाक आलम, चंदन यादव, दीपक यादव, सुशीला भारती, शाहिल, मो. बदरूल, संजय सिंह, भारती, हयात और अहद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्णिया भाजपा में शोक की लहर भाजपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के पिता का निधन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



पूर्णिया जिले में शोक की लहर उस समय दौड़ गई जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष श्री संजीव कुमार सिंह के पूज्य पिता का देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में गहरा दुःख व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिवंगत ने लगभग 90 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

भाजपा परिवार के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।

इस दुखद अवसर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनारायण मेहता, प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार, निवर्तमान जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, अंगद मंडल, राजेश रंजन, क्रांति देवी, जिला महामंत्री अरुण राय पुलक, संजय पोद्दार, जिला मंत्री सचिन राय, मीनाक्षी सिन्हा, संजय मिर्धा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल रहे।इसके अलावा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुमित सिंह, महिला मोर्चा की संगीता बर्मन, किसान मोर्चा के पिंटू सिंह, अमित चौरसिया और विजय राय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी शोक व्यक्त किया। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर इस दुख की घड़ी में संजीव कुमार सिंह और उनके परिवार के साथ खड़े रहने का संकल्प जताया।शोक व्यक्त करने में भाजपा के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे

# राजकीय पॉलिटेक्निक पूर्णिया के छात्रों का ट्रांसमिशन ग्रिड का शैक्षणिक भ्रमण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

- **विद्युत प्रसारण प्रणाली और आधुनिक तकनीकों की मिली व्यावहारिक जानकारी**



राजकीय पॉलिटेक्निक पूर्णिया – के विद्यार्थियों ने ट्रांसमिशन ग्रिड का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्युत अभियंत्रण शाखा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्युत प्रसारण प्रणाली, ग्रिड संचालन तथा व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान छात्रों को ट्रांसमिशन ग्रिड की कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानकों, उपकरणों के संचालन और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने ग्रिड में उपयोग की जा रही आधुनिक तकनीकों को नजदीक से देखा तथा विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

तकनीकी सत्र के दौरान बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की ओर से विशेषज्ञ मिस साक्षी प्रिया एवं श्री प्रभात कुमार ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। यह पूरा प्रशिक्षण सहायक अभियंता श्री अनुपम कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संस्थान की ओर से प्रो. विपुल कुमार, प्रो. अमन कुमार राजन, प्रो. सुमन कुमार तथा श्री मिथिलेश कुमार उपस्थित रहे।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है, जो उनके भविष्य के करियर निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीबीएसई कक्षा 10 (AISSE 2026) में विद्या विहार का शानदार प्रदर्शन, 30 वर्षों की उत्कृष्टता के साथ 97.6% सर्वोच्च अंक, 85.7% विद्यालय औसत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**




विद्या विहार आवासीय विद्यालय, पूर्णिया ने सीबीएसई कक्षा 10 (AISSE 2026) परीक्षा में एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए शानदार सफलता अर्जित की है। वर्ष 1996 से 2026 तक 30 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए विद्यालय ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम प्रस्तुत कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं समर्पित शिक्षण पद्धति का सशक्त परिचय दिया है।

विद्यालय का कुल औसत (सर्वश्रेष्ठ 5) 85.7% रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

**परिणाम संक्षेप** (AISSE **2026)**:इस वर्ष कुल 226 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जो अब तक का सर्वाधिक पंजीकरण है। इनमें 177 छात्र एवं 49 छात्राएँ शामिल हैं। 222 छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का समग्र परिणाम अत्यंत संतोषजनक रहा।

95% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 17 रही, जबकि 90% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 86 छात्र रहे। 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 180 रही तथा 75% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 198 छात्रों ने डिस्टिंक्शन हासिल किया। 222 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है।

**विशिष्ट शैक्षणिक उपलब्धियाँ:** कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 9 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। इन छात्रों में आर्यन राज, सम्पूर्णा, एम.डी. अरसलान, आयुष किशोर, हेतु कुमार, आर्यन राज (दूसरे छात्र), शुभांकर सक्षम , राज्यदा मिश्रा एवं लक्षवीर शामिल हैं।

संस्कृत विषय में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें 4 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। इनमें श्लोक कश्यप, श्रेष्ठ कुमार, साक्षी कुमारी एवं सिद्धि कुमारी शामिल हैं।

**विषयवार सर्वोच्च अंक:** अंग्रेज़ी (184) में साकेत कुमार ने 98 अंक प्राप्त किए। हिंदी (002) में कृष्णा राज ने 98 अंक प्राप्त कर दो दशकों बाद यह उपलब्धि दोहराई। वर्ष 2006 में सुपौल के सौरव कुमार ने हिंदी में 98 अंक प्राप्त किए थे। संस्कृत (122) में चार छात्रों ने 100/100 अंक प्राप्त किए। गणित (स्टैंडर्ड - 041) में सम्पूर्णा ने 96 अंक प्राप्त किए। गणित (बेसिक - 241) में अरमान कुमारी ने 94 अंक प्राप्त किए। विज्ञान (086) में आर्यन राज, श्लोक कश्यप एवं अभि रंजन ने 98 अंक प्राप्त किए। सामाजिक विज्ञान (087) में नमन कुमार गुप्ता, आर्यन राज एवं बाबू सागर ने 99 अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर एप्लीकेशन (165) में 9 छात्रों ने 100/100 अंक प्राप्त किए।

**विषयवार औसत अंक:** विद्यालय के छात्रों का विषयवार औसत प्रदर्शन भी अत्यंत संतोषजनक रहा। अंग्रेज़ी में 80.9, हिंदी में 84.2, संस्कृत में 90.1, गणित (स्टैंडर्ड) में 63.5, गणित (बेसिक) में 60.8, विज्ञान में 76.9, सामाजिक विज्ञान में 90.2 तथा कंप्यूटर एप्लीकेशन में 92.6 औसत अंक प्राप्त हुए। यह आँकड़े दर्शाते हैं कि विद्यालय में भाषाई एवं वैकल्पिक विषयों में विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ है ।

**95% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र:** इस वर्ष कुल 17 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। इनमें
साकेत कुमार (97.6%),
आर्यन राज (97.4%),
श्लोक कश्यप (97.0%),
मोहम्मद सईब नासिर (96.8%),
मयंक कुमार (96.6%),
श्रेष्ठ कुमार (96.2%),
अरमान कुमार (96.2%),
सम्पूर्णा (95.8%),
नमन कुमार गुप्ता (95.6%),
साक्षी कुमारी (95.4%),
एम.डी. अरसलान (95.2%),
कृष्णा राज (95.2%),
अभि रंजन (95.2%),
आराध्या (95.2%),
आयुष किशोर (95.2%),
अर्नव राज (95.0%)
सिद्धि कुमारी (95.0%)

**टॉपर्स एवं प्रमुख उपलब्धियाँ::** विद्यालय के समग्र प्रदर्शन में इस वर्ष भी उत्कृष्टता देखने को मिली।विद्यालय टॉपर साकेत कुमार ने 97.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।बालिका वर्ग में साक्षी कुमारी ने 95.4% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का सर्वोच्च प्रतिशत 97.6% रहा, जो निरंतर उत्कृष्टता और स्थिर शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

**डिस्टिंक्शन::** विद्यालय के 198 छात्रों ने 75% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त कर डिस्टिंक्शन हासिल किया, जो विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण को दर्शाता है।

**विद्यालय प्रबंधन के विचार::**

अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रत्नेश्वर मिश्र ने कहा कि 30 वर्षों की यह शैक्षणिक यात्रा निरंतर गुणवत्ता, अनुशासन एवं मूल्य आधारित शिक्षा पर आधारित रही है, और यह परिणाम उसी दीर्घकालिक प्रयास का परिणाम है।

-------------------

सचिव राजेश चंद्र मिश्र ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक प्रतिफल है।

---------------

निदेशक श्री आर. के. पॉल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

-------------

प्राचार्य श्री निखिल रंजन ने कहा कि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन ने इस सफलता को संभव बनाया है और भविष्य में भी यह परंपरा जारी रहेगी।

# बायसी में 'नवांकुर संगम' मेला : बच्चों के समग्र विकास की अनोखी पहल

## 14 थीम आधारित स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

**न्यूज स्केल पूर्णिया**






पूर्णिया के बायसी प्रखंड अंतर्गत खपड़ा पंचायत के ग्वालगाँव स्थित मध्य विद्यालय परिसर में पोषण पखवाड़ा के तहत 'नवांकुर संगम' मेले का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन में 14 थीम आधारित स्टॉल लगाए गए, जिनमें ब्रेन-वायरिंग, दर्पण खेल, स्पर्श एवं ध्वनि पहचान, कठपुतली के माध्यम से कहानी, रंग पहचान और चित्रकारी जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। इन माध्यमों से अभिभावकों को बच्चों के सीखने और विकास के सरल एवं व्यावहारिक तरीके सिखाए गए।

स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित वातावरण पर विशेष जोर

मेले में बच्चों की स्वास्थ्य जांच, वृद्धि निगरानी, पोषण परामर्श तथा हाथ धोने के प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन को ईसीडी के "नर्चरिंग केयर फ्रेमवर्क" के पांच प्रमुख घटकों—स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षित वातावरण, प्रारंभिक सीख एवं उत्तरदायी देखभाल—के आधार पर संरचित किया गया। साथ ही, आरबीएसके के सहयोग से बच्चों की स्क्रीनिंग और रेफरल व्यवस्था को भी मजबूत किया गया।अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी, जागरूकता में वृद्धि

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, आशा, एएनएम, शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने भाग लिया। अभिभावकों ने बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं शारीरिक विकास से जुड़ी गतिविधियों को समझा और घर पर अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।

सामुदायिक सहभागिता से उज्ज्वल भविष्य की दिशा

कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीपीओ जीनत यास्मिन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। अधिकारियों और विशेषज्ञों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं। 'नवांकुर संगम' मेला बच्चों के समग्र विकास के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है।

# अस्पतालों की सुरक्षा मजबूत करने को राज्यस्तरीय बैठक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**□ आपदा प्रबंधन विभाग ने फायर ऑडिट व बाढ़ सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के दिए निर्देश**



आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार ने राज्य के सभी जिलों के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य अस्पतालों में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना और संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारी को बेहतर बनाना था। बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), नई दिल्ली द्वारा अस्पतालों के लिए तैयार किए जा रहे नए दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में नियमित 'फायर ऑडिट' कराया जाए तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 'फ्लड रेजिलिएंस' के उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

अधिकारियों ने कहा कि आग, बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान अस्पतालों की कार्यक्षमता बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

वीसी में पूर्णिया से अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), एडीएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य), जीएमसीएच के अस्पताल उपाधीक्षक, जिला अग्निशमन पदाधिकारी सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अमौर की मासिक बोर्ड बैठक : विकास की नई इबारत

**न्यूज स्केल अमौर**




नगर पंचायत, अमौर (पूर्णियाँ) की सामान्य मासिक बोर्ड बैठक दिनांक 16 अप्रैल 2026 को माननीय मुख्य पार्षद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में नगर के समग्र सौंदर्यीकरण एवं हरित विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई। नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में बोर्ड ने कई सकारात्मक निर्णय लिए। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय निर्माण को लेकर बोर्ड ने विशेष संवेदनशीलता दिखाई — विशेषकर महिलाओं एवं वंचित वर्गों की गरिमा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्ड संख्या 02 एवं 11 में शौचालय निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई।

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पंचायत में पूर्व से कार्यरत स्वच्छता साथियों के लम्बे समय से लम्बित भुगतान को नियमानुसार करने का भी निर्णय लिया गया, जो इन श्रमिकों के प्रति बोर्ड की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

नगर के सभी बारह वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ करने की स्वीकृति बोर्ड द्वारा दी गई, जिससे नगर की रात्रिकालीन सुरक्षा एवं सौंदर्य दोनों में अभूतपूर्व सुधार होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तृतीय चरण के अन्तर्गत जियोटैगिंग प्रक्रिया को गति देने का भी निर्णय लिया गया, जिससे पात्र लाभार्थियों को आवास का लाभ शीघ्र मिल सकेगा।

वार्ड संख्या 08 में दुर्गा मंदिर छठ पोखर के निकट मुक्तिधाम निर्माण तथा वार्ड संख्या 03 में कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण को स्वीकृति देकर बोर्ड ने सभी धर्मों एवं समुदायों के प्रति अपनी समावेशी सोच का परिचय दिया।

माननीय मुख्य पार्षद ने बैठक के उपरान्त कहा कि "हम एक ऐसा नगर बनाना चाहते हैं जो स्वच्छ हो, हरा-भरा हो, रोशन हो और जहाँ हर नागरिक — चाहे वह किसी भी वर्ग या समुदाय का हो — सम्मान के साथ जी सके। इस मौके पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अमौर नगर पंचायत का चौमुखी विकास के लिए बोर्ड में योजनाएं ली गई

बैठक में उपमुख्य पार्षद, समस्त वार्ड पार्षदगण एवं कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्णिया में पोषण पखवाड़ा का आयोजन, जागरूकता पर दिया गया विशेष जोर



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया मे पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षकों एवं विभिन्न पोषक क्षेत्रों की सेविकाओं ने संयुक्त रूप से की।पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य जंक फूड एवं पैकेज्ड खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान "नन्हें कलाकार दिवस" के तहत बच्चों द्वारा कला, खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। वहीं परिवार आधारित "दादी-नानी की कहानी" सत्र के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान को साझा किया गया। इसके अलावा सामूहिक कार्यक्रमों एवं डिजिटल सहभागिता के जरिए पोषण संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। इस दौरान लाभार्थियों को पोषण पखवाड़ा के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी गतिविधियों को जन आंदोलन डैशबोर्ड पर दर्ज किया गया।

## जनगणना 2026-27 का आगाज 17 अप्रैल से आम आदमी से अपील स्वयं स्व गणना से करें जनगणना का आगाज



**न्यूज स्केल अमौर -**

भारत सरकार द्वारा जनगणना 2026-27 की शुरुआत आज शुक्रवार 17 अप्रैल से की जा रही है। इस सम्बन्ध मे प्रखंड विकास पदाधिकारी राजाराम पंडित ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना 2026-27 की शुरुआत 17 अप्रैल 2026 से शुरू हो रही है। आम लोगों से बीडीओ ने अपील करते हुए कहा कि 17 अप्रैल 2026 से शुरू हो रही जनगणना स्वयं से जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपने मोबाइल फोन से आप स्वयं करें। आप अपने मोबाइल में गूगल क्रोम में जाकर sc.cencus.gov.in मैं लॉगिन करें।उसके बाद कैप्चा डालें तब आपका राज्य आता है ।राज्य को भरें। उसके बाद जो भी सवाल पूछा जाता है, उसे सही से भर दें। आपका आईडी जेनरेट होगा। उस आईडी को आप सेव कर रख ले। 2 मई के बाद प्रगणक जब आपके घर जाए तो उसे वह आईडी दे दें। वह आपकी आईडी क्या सत्यापन कर आगे बढ़ा देंगे और आपका स्व जनगणना पूर्ण होगा।

# मुखिया पुत्र पर बाइक सवार को टक्कर मारने का आरोप, युवक गंभीर

**न्यूज स्केल कसबा**



कसबा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सबदलपुर में एक सड़क हादसे को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय मुखिया के पुत्र रिज़वान पर आरोप है कि उसने अपनी स्कॉर्पियो से एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**घायल की हालत नाजुक:** घटना में घायल रईस उद्दीन (निवासी फतेपुर) को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**विवाद की भी बात सामने आई**

स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना से पहले रिज़वान और रईस उद्दीन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी दावा किया है कि कथित तौर पर पहले धमकी दी गई थी, लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

**ग्रामीणों में आक्रोश, माहौल तनावपूर्ण:** घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में शांति बनाए रखने को लेकर पुलिस सतर्क है।

**पुलिस ने क्या कहा:** कसबा थाना अध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि मामले में अभी तक औपचारिक आवेदन प्राप्त होने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सड़क किनारे बकरी-खस्सी हाट से बढ़ी परेशानी, दुर्घटना कि बनी रहती है सम्भावना

**न्यूज स्केल बायसी**



प्रखंड मुख्यालय के पूरब चौक, एनएच-31 के दक्षिण भाग में हर गुरुवार को लगने वाला बकरी-खस्सी हाट अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। सुबह 7 से 11 बजे तक लगने वाले इस हाट के दौरान दुकानों के सामने भारी भीड़ लग जाती है, जिससे ग्राहकों का आना-जाना बाधित होता है और व्यापार प्रभावित होता है। दुकानदारों का कहना है कि बकरियों की भीड़ से सड़क जाम जैसी स्थिति बन जाती है और गंदगी भी फैलती है, जिसे साफ करने की जिम्मेदारी भी उन्हें ही उठानी पड़ती है। वहीं, पीछे घर होने के कारण लोगों को निकलने में भी कठिनाई होती है।

एनएच-31 से सटे होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और यातायात भी प्रभावित होता है। नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी शांति कुमारी ने कहा कि अब जल्द वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

# भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णियाँ में मखाना खेती पर पाँच दिवसीय अंतरराज्यीय प्रशिक्षण शुरू

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया.**

भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णियाँ में "मखाना की खेती की तकनीक" विषय पर पाँच दिवसीय अंतरराज्यीय प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्णियाँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विवेकानंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मणिपुर से आए किसानों एवं उद्यान तथा मृदा संरक्षण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।



**प्रशिक्षण का उद्घाटन एवं उद्देश्य**
उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विवेकानंद सिंह ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और विभिन्न राज्यों की अपनी-अपनी विशिष्ट फसलें हैं। उन्होंने कहा कि पूर्णियाँ जिला मखाना जैसे सुपरफूड के उत्पादन और शोध में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मखाना की खेती की आधुनिक तकनीक, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को अन्य राज्यों तक पहुंचाना है।

**प्रतिभागियों की भागीदारी**
इस प्रशिक्षण में मणिपुर राज्य से 15 प्रगतिशील कृषक तथा उद्यान एवं मृदा संरक्षण विभाग के 10 पदाधिकारी शामिल हुए हैं। सभी प्रतिभागी मखाना की खेती के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।



**विशेषज्ञों के विचार एवं मखाना खेती का विस्तार:** सह अधिष्ठाता-सह-प्राचार्य डॉ. डी. के. महतो ने कहा कि प्रशिक्षण में खेती, कटाई, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मखाना की बढ़ती मांग को देखते हुए अन्य राज्यों में भी इसकी खेती की अपार संभावनाएँ हैं।

**कार्यक्रम संचालन एवं धन्यवाद**
कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जबकि प्रशिक्षण की विषय-वस्तु का प्रस्तुतीकरण समन्वयक डॉ. प्रीति सुंदरम ने किया। अंत में सहायक नियंत्रक बिनोद कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अरबन्ना गांव में बाबा विशुराउत मेला का भव्य आयोजन, कुश्ती रही मुख्य आकर्षण

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**

बड़हरा कोठी प्रखंड अंतर्गत अरबन्ना गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा विशुराउत मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी।

मेले का मुख्य आकर्षण पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता रही, जिसमें बिहार सहित कई राज्यों से आए महिला एवं पुरुष पहलवानों ने दमखम दिखाया। पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया और तालियों की गूंज से पूरा मैदान गूंजता रहा।



इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय सांसद श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में ग्रामीण परंपराओं और खेलों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति जीवित रहती है और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

उद्घाटन समारोह में पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार यादव, मुखिया कृष्ण कुमार, सरपंच सुमन कुमार संतोष, मेला अध्यक्ष दिलखुश यादव, कौशल पासवान, सौरभ, मुरारी, गौरव जी, चंदन जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मेले के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति और ग्रामीणों की सराहना की जा रही है।

# बग्घी बरेना में सजी सांस्कृतिक संध्या, ऊषा यादव के गीतों पर झूमे लोग





**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

धमदाहा प्रखंड अंतर्गत बग्घी बरेना में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अंगिका गायिका ऊषा यादव ने अपनी मधुर और सुरीली आवाज से समां बांध दिया। उनके लोकगीतों और प्रस्तुतियों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे, जिससे पूरे वातावरण में सांस्कृतिक रंग घुल गया।

इस कार्यक्रम का सफल आयोजन अमित निराला, शेखर कुमार भारती और निराला नवल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कई अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था और मंच संचालन की भी लोगों ने सराहना की।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य अनुलिका सिंह एवं सरपंच लाला प्रसाद महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस सांस्कृतिक संध्या का भरपूर आनंद लिया और आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।

# बकाया एरियर भुगतान एवं वित्तीय उन्नयन का लाभ के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी पुर्णिया से मिला संघीय शिष्टमंडल

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया.**

बिहार संयुक्त शिक्षक संघ पूर्णिया जिला अध्यक्ष दीपक सिंह भदौरिया के नेतृत्व में एक संघीय शिष्ट मंडल 13 सूत्री मांगों को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्णिया से मिलकर समस्याओं का जल्द निराकरण का मांग किया।

भदौरिया ने बताया कि विशिष्ट शिक्षकों का महीनों बीत जाने के बाद भी अभी तक पूर्णतः बकाया एरियर का भुगतान नहीं हुआ है, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक और प्रधान शिक्षक को भी नियोजन अवधि की 12 वर्ष पूर्ण सेवा का लाभ देते हुए वित्तीय उन्नयन का



लाभ मिलना चाहिए, विशिष्ट शिक्षक से प्रधान शिक्षक बने शिक्षकों का विशिष्ट शिक्षक अवधि का वेतन संरक्षण का लाभ देते हुए बकाया एरियर का भुगतान नहीं हुआ है, विशिष्ट शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में एवं वरीय वेतनमान में प्रौन्नति का लाभ दिया जाए, नियोजित शिक्षक से विद्यालय अध्यापक बने शिक्षकों का भी वेतन निर्धारण करते हुए वेतन संरक्षण का लाभ दिया जाए, नगर निगम अंतर्गत आने वाले शिक्षकों को सिटी अलाउंस का लाभ दिया जाए, सभी कोटि के शिक्षकों को महंगाई भत्ता एवं आवास भत्ता का बकाया एरियर भुगतान किया जाए, विद्यालय अध्यापकों को वार्षिक वेतन वृद्धि का बकाया एरियर का भुगतान नहीं हुआ है, विद्यालय में छात्रों को शत प्रतिशत किताब मुहैया करवाया जाए, डीएलएड नियमित सत्र 2014-16,2015-17,2016-18 में प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षणचर्या पूर्ण की तिथि से प्रशिक्षित वेतनमान का लाभ देते हुए बकाया एरियर का भुगतान किया जाए, शहरी क्षेत्र के 8 किलोमीटर के परिधि में आने वाले विद्यालय के शिक्षकों को शहरी आवास भत्ता का लाभ दिया जाए, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक एवं प्रधान शिक्षकों के पूर्व की सेवा को गणना करते हुए चिकित्सा अवकाश का लाभ दिया जाए सहित कुल 13 सूत्री मांगों से जिला शिक्षा पदाधिकारी पुर्णिया को अवगत कराया गया है साथ ही जल्द इसका निदान का मांग किया जिसपर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जल्द एरियर भुगतान समेत सभी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

मिलने वाले शिष्टमंडल में संगठन सचिव नितेश कुमार,जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा,मोहम्मद आजाद हुसैन अंसारी,मीडिया प्रभारी राहुल रंजन,राकेश रोशन कार्यालय सचिव संजीब कुमार आदि संघीय सदस्य शामिल थे।

# पूर्णिया युवती बरामदगी कांड में बड़ा खुलासा: मुख्य आरोपी रिमांड पर, मानव तस्करी नेटवर्क की आशंका

**न्यूज़ स्केल भवानीपुर (पूर्णिया)**

पूर्णिया जिले के बहुचर्चित युवती बरामदगी कांड (कांड संख्या 83/26) में पुलिस ने जांच की गति तेज कर दी है। इस मामले में नामजद मुख्य आरोपी मनोज जायसवाल और नूर मोहम्मद आलम को जल्द ही पुलिस रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की जाएगी। भवानीपुर थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि रिमांड की सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार, भंगड़ा क्षेत्र से 13 माह से लापता एक युवती को हाल ही में गुंडा चौक स्थित मनोज जायसवाल के आवास से बरामद किया गया था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि युवती को उसके कथित प्रेमी नूर मोहम्मद आलम द्वारा ही मनोज जायसवाल के घर भेजा गया था। मामले में बढ़ते दबाव के बाद नूर मोहम्मद ने 15 तारीख को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

जांच के दौरान पुलिस ने मनोज जायसवाल के घर पर छापेमारी कर अवैध हथियार और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं, जिससे यह मामला और अधिक गंभीर हो गया है। पुलिस को आशंका है कि यह पूरा प्रकरण केवल एक व्यक्तिगत मामला न होकर मानव तस्करी से जुड़े किसी बड़े संगठित नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है।

थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जाएगी। उनसे मिली जानकारी के आधार पर अन्य संभावित आरोपियों की पहचान कर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पूरे मामले को लेकर पुलिस सतर्क है और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।

# केनगर में किसानों की बैठक, योजनाओं की जानकारी नहीं मिलने पर नाराज़गी



**न्यूज़ स्केल के नगर**

केनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित बिठनौली पूरब पंचायत भवन परिसर में बिहार किसान मजदूर संघ के तत्वावधान में किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व संघ के संयोजक अनिरुद्ध मेहता ने किया, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने आरोप लगाया कि प्रखंड कृषि कार्यालय द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं की समय पर जानकारी नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि कृषि सलाहकारों की उदासीनता के कारण कई किसान योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।

बैठक में अधिक से अधिक किसानों को संघ से जुड़ने का आह्वान किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से प्रखंड स्तर पर संघ की कमिटी का विस्तार करते हुए नवीन कुमार को प्रखंड अध्यक्ष और विनोद स्वर्णकार को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# आठवीं उत्तीर्ण छात्रों को मिला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, समारोह में दी गई उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**

आदर्श मध्य विद्यालय बड़हरा कोठी में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के बीच स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) का वितरण समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जहां छात्र-छात्राओं के चेहरों पर आगे की पढ़ाई को लेकर उत्सुकता साफ झलक रही थी।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासित जीवन जीने और मन लगाकर पढ़ाई करने



की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है, इसलिए जहां भी जाएं, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और विद्यालय का नाम रोशन करें।समारोह में प्रधानाध्यापक दीपक कुमार, शिक्षक चंदन कुमार, राजू जायसवाल, प्रभा रानी सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और प्रमाण पत्र प्राप्त कर अपने अगले शैक्षणिक सफर की ओर कदम बढ़ाया।

# धमदाहा में नई बीईओ नैना पाल एक्शन में, पदभार संभालते ही स्कूलों का औचक निरीक्षण, मिड-डे मील में गड़बड़ी पर जवाब तलब

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

प्रशासनिक फेरबदल के बाद धमदाहा में नई प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के रूप में नैना पाल ने पदभार संभालते ही सख्त तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने प्रखंड के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया, जिससे शिक्षा व्यवस्था में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय सिमलदाहा भी उनके रडार पर रहा। इस विद्यालय को लेकर हाल ही में मध्यान भोजन में अनियमितता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीईओ नैना पाल ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच की। जांच के क्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका माधवी कुमारी



से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीईओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मध्यान भोजन जैसी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि पूरे प्रखंड के विद्यालयों का लगातार औचक निरीक्षण किया जाएगा और जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि इससे पहले प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजेश कुमार के पास था। लेकिन बीते सप्ताह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के धमदाहा दौरे के दौरान विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के क्रम में यह निर्णय लिया गया। डीएम के निर्देश पर ग्रामीण विकास पदाधिकारी नैना पाल को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

नई बीईओ के एक्शन मोड में आने से अब प्रखंड के शिक्षा विभाग में सुधार की उम्मीद तेज हो गई है।

# धमदाहा में बाढ़ पूर्व तैयारी तेज, एसडीओ अनुपम ने बांधों का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल धमदाहा**

धमदाहा संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में धमदाहा के एसडीओ अनुपम ने फरियानी बांध, सिहुली एवं सरसी क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने बांधों की मजबूती, मरम्मत कार्य और संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी



पर जोर दिया।इस मौके पर बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल पूर्णिया के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एसडीओ को जानकारी दी कि संभावित बाढ़ को देखते हुए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं और कमजोर स्थानों को चिन्हित कर वहां विशेष कार्य कराया जा रहा है।एसडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखें, ताकि बाढ़ के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# केनगर में हत्या कांड के दो आरोपी ने किया सरेंडर, दो शराबी गिरफ्तार



**न्यूज़ स्केल के नगर**

पूर्णिया जिले के केनगर थाना क्षेत्र में चर्चित हत्या कांड के दो नामजद आरोपितों ने पुलिस दबाव के आगे आखिरकार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। केनगर थाना कांड संख्या-113/2026 के तहत आरोपी पवन महलदार एवं हीरो महलदार ने बुधवार को पूर्णिया न्यायालय में सरेंडर किया। दोनों समेत कुल 9 लोगों पर हत्या का आरोप है, जबकि अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी ने बताया कि 8 अप्रैल 2026 की रात बनभाग चुनापुर पंचायत के महलदार टोला में मछुआरे विमल महलदार की लोहे की सरिया से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पुत्र पप्पू कुमार ने 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।इधर, पुलिस ने गश्ती के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से शराब के नशे में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मेडिकल जांच में अत्यधिक शराब सेवन की पुष्टि होने पर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नूनूलाल राम और कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए है।

# अररिया में सोलर लोन मेला आयोजित, सस्ती बिजली के लिए लोगों में बढ़ी दिलचस्पी

**न्यूज़ स्केल अररिया**

**01: बिजली विभाग के अधिकारियों और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की रही मौजूदगी**

**02: मेले में लोगों को सोलर पैनल लगाने हेतु लोन और प्रक्रिया की दी गई जानकारी**





प्रधानमंत्री सूर्यघरः मुफ्त बिजली योजना के तहत अररिया समाहरणालय परिसर स्थित डी.आर.डी.ए. सभागार में सोलर पैनल अधिष्ठापन हेतु लोन मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त श्रीमती रोजी कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सोलर ऊर्जा से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

**अधिकारियों की मौजूदगी और सहभागिता:** इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता अररिया गौरव कुमार, फारबिसगंज के कार्यपालक अभियंता राजेश प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता चंद्रशेखर यादव एवं एलडीएम इंदु शेखर सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और लोगों को ऋण से संबंधित जानकारी दी।

**ऑनलाइन आवेदन और प्रक्रिया:** विद्युत कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार ने जानकारी दी कि इच्छुक उपभोक्ता पीएम सूर्य पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वेंडर चयन के बाद पीएम जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से लोन के लिए आवेदन करने की सुविधा भी उपलब्ध है। इससे प्रक्रिया पारदर्शी और सरल बनी है।

**कम ब्याज दर पर मिल रहा लोन:** मेले में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत उपभोक्ताओं को 6 प्रतिशत से भी कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे आम लोगों के लिए सोलर पैनल लगाना आसान हो गया है। बैंक प्रतिनिधियों ने योजना के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

**सब्सिडी और पर्यावरण संरक्षण पर जोर:** सरकार द्वारा सोलर पैनल अधिष्ठापन पर आकर्षक सब्सिडी दी जा रही है। योजना के तहत 1 किलोवाट पर 30 हजार, 2 किलोवाट पर 60 हजार और 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78 हजार रुपये तक की सहायता मिलती है। इस पहल से न सिर्फ सस्ती बिजली मिलेगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

## मंडलकारा अररिया का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**न्यूज़ स्केल अररिया**



जिला पदाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से मंडलकारा अररिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के रख-रखाव, साफ-सफाई तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने जेल के विभिन्न वार्डों का दौरा कर बंदियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने का निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। साथ ही बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। डीएम एवं एसपी ने जेल में अनुशासन बनाए रखने और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन अनिवार्य है। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह : 5 किमी मैराथन से दिया गया अग्नि सुरक्षा का संदेश

**न्यूज़ स्केल अररिया**



अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जिला प्रशासन अररिया के निर्देशन में बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आग से बचाव के उपायों को जन-जन तक पहुंचाना था। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**सुरक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था रही दुरुस्त:** मैराथन के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा नामित शारीरिक शिक्षक, सिविल सर्जन की ओर से चिकित्सक, मेडिकल स्टाफ एवं एंबुलेंस की तैनाती की गई थी। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहे, जिससे कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संपन्न हुआ।

**विजेताओं को किया गया सम्मानित:** दौड़ के समापन पर विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बलराम कुमार, द्वितीय स्थान कुलदीप कुमार और तृतीय स्थान शिव शंकर कुमार ने प्राप्त किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश देते हुए कहा कि जागरूकता ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

**उत्साह के साथ हुई मैराथन की शुरुआत:** मैराथन दौड़ नई पुलिस केंद्र अररिया से प्रारंभ होकर मुड़बल्ला मध्य विद्यालय (दक्षिण) होते हुए पुनः पुलिस केंद्र हरियावाड़ा में समाप्त हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का जोश देखने लायक था। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की और अग्नि सुरक्षा के महत्व को समझने का संदेश प्राप्त किया।

# यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर आनंद विहार से जोगबनी के लिए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन की घोषणा



**अररिया** (हि.स.)।यात्रियों की भारी भीड़ के दबाव को कम करने एवं सुगम परिवहन उपलब्ध कराने को लेकर नॉर्दर्न रेलवे की ओर से आनंद विहार से जोगबनी के लिए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। 18 अप्रैल से 11 जुलाई के बीच साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाई जाने की घोषणा का रेल संगठन से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

ट्रेन संख्या 04008 आगामी 18 अप्रैल शनिवार से 11 जुलाई तक दिल्ली आनंद विहार से प्रत्येक शनिवार को प्रातः 8:30 बजे सुबह मुरादाबाद -बरेली- गोरखपुर -छपरा- बरौनी- कटिहार के रास्ते रविवार को अपराह्न 3:00 बजे जोगबनी पहुंचेगी। वहीं वापसी में 19 अप्रैल रविवार को ट्रेन संख्या 04007 के रूप में जोगबनी से सायंकाल 6:30 बजे खुलकर सोमवार देर रात्रि 3:00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

इस समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन का बिहार डेली पैसेंजर्स एसोसिएशन की केंद्रीय समिति के सदस्य बच्छराज राखेचा,इंडो नेपाल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ रेल यूजर्स के सदस्य बिनोद सरावगी,रेल यात्री संघ के सदस्य चंदन भगत, फारबिसगंज सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा, फारबिसगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव राकेश रोशन,नागरिक संघर्ष समिति के शाहजहां शाद और रमेश सिंह आदि ने स्वागत करते हुए रेल प्रशासन के प्रति आभार जताया और कहा कि इस ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

ट्रेन के संयोजन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी, थर्ड एसी एवं शयनयान श्रेणी के कोच होंगे। ट्रेन का आरक्षण कंप्यूटरीकृत रेलवे आरक्षण प्रणाली पर उपलब्ध है।वहीं अपरिहार्य कारणों से यह स्पेशल ट्रेन आनंद विहार से 23 मई एवं जोगबनी से 24 मई को निरस्त रहेगी।

# भागलपुर में गैस की कोई किल्लत नहीं :डीएम



**भागलपुर** (हि.स.) जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है। समीक्षा भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि गैस की आपूर्ति पूरी तरह से होम डिलीवरी के माध्यम से की जा रही है। उपभोक्ता मोबाइल के जरिए आसानी से गैस बुक कर रहे हैं, जिससे वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य बनाए रखें।

**बैकलॉग कम करने की प्रक्रिया जारी:** डीएम ने कहा कि पहले से मौजूद बैकलॉग के कारण कुछ देरी हो सकती है, लेकिन इसे चरणबद्ध तरीके से कम किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि सभी उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंचाई जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और जल्द ही लंबित आपूर्ति भी सामान्य हो जाएगी।

**निगरानी के लिए सख्त व्यवस्था लागू:** जिले के प्रत्येक प्रखंड में आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा गैस वितरण की निगरानी की जा रही है। इसके अलावा जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय है, जहां उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज की जा रही हैं और उनका त्वरित निपटारा किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि कमर्शियल गैस की भी लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे व्यवसायिक गतिविधियों पर कोई खास असर नहीं पड़ रहा है।

**गोदाम से वितरण पर रोक, हेल्पलाइन जारी:** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से हो रही है। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे गैस एजेंसी के गोदाम पर न जाएं, क्योंकि वहां से सीधे वितरण पर रोक लगाई गई है। शादी-विवाह जैसे आयोजनों के लिए कमर्शियल गैस की आपूर्ति अनुमंडल स्तर पर सुनिश्चित की जा रही है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत है, जिसका दूरभाष नंबर 0641-2402871 जारी किया गया है।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग,मवेशी को बचाने के क्रम में एक झुलसा



**अररिया** (हि.स.) फारबिसगंज के झिरवा पछीयारी वार्ड संख्या 07 में मध्य रात्रि में करीबन एक बजे शॉर्ट सर्किट से आशिक पिता सनीफ का घर में आग लग गई।जिसमें दो मवेशी की झुलसने से मौत हो गई।

आगजनी में लाखों रूपये मूल्य के समान,खाद्यान्न आदि जलकर राख हो गए।मवेशी को बचाने के क्रम में साबरीन पति आशिक बुरी तरह से आग में झुलस गई। जिसे रात्रि में ही अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज ईलाज के लिए लाया गया,जहां डॉक्टर ने बेहतर ईलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया।

पीड़िता पूर्णिया सदर अस्पताल में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही है। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया घायल हुई।घायल महिला का पति दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल ने घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए सरकार से सहायता राशि दिलाने का भरोसा दिलाया।दिलीप ने घटना की सूचना अंचलाधिकारी शंभू कुमार राय को दी।

# लूट मामले में एक आरोपित देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र में बीते 4 अप्रैल को हुए 8 लाख रुपये की लूट मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। गुरुवार को सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मंटू कुमार अकबरनगर स्थित अपने पेट्रोल पंप से शाहकुंड बैंक में करीब 8 लाख रुपये जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात अपराधियों ने देसी कट्टा का भय दिखाकर उनसे पूरी रकम लूट ली। घटना के तुरंत बाद मंटू कुमार ने शाहकुंड थाना को सूचना दी, जिसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने तकनीकी और वैधानिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए इस कांड में शामिल आरोपित मदन मंडल को नवगछिया पुलिस जिला के तीन टंगा दियारा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपित के पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पूछताछ में मदन मंडल ने इस लूट कांड में शामिल अन्य अपराधियों के नाम भी स्वीकार किए हैं। पुलिस अब उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच जारी है।

# हरदा में जश्न का माहौल : सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी

**न्यूज़ स्केल हरदा**




सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही पूर्णिया पूर्व प्रखंड के हरदा बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

**बाजार में निकली हर्ष रैली**

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप ठहरा मोड़ से हरदा बाजार तक भव्य हर्ष रैली निकाली। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया।

**नेताओं ने जताई खुशी और उम्मीदें:** पूर्व पैक्स अध्यक्ष रमेश कुमार मेहता, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामजी मेहता, अभिमन्यु मेहता, संजय कुमार और बेचन लाल मेहता ने कहा कि बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में प्रशासनिक व्यवस्था, रोजगार और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

**सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल**

इस जश्न और रैली में पैक्स अध्यक्ष शंकर मेहता, पूर्व जिला परिषद सदस्य सदानंद मेहता, चंदन मेहता, मनोज सिंह कुशवाहा, मंजय मेहता, प्रीतम कुमार, राहुल कुमार, अजय शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

# मंडल कारा में डीएम एसपी के नेतृत्व में छापेमारी,नहीं मिला अवैध समान




**अररिया** (हि.स.)। डीएम विनोद दूहन और एसपी जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की सुबह आरएस स्थित मंडल कारा में छापेमारी की गई।छापेमारी में डीएम एसपी के अलावे सदर एसडीएम,सदर एसडीपीओ,डीएसपी यातायात,साइबर डीएसपी,नगर थानाध्यक्ष समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।छापेमारी में कई थाना की पुलिस को भी लगाया गया था।अधिकारियों ने कैदियों के बैरक,कैदियों के समान एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई।प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर छापेमारी किया गया,जिसमें किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।अधिकारियों ने जेल के भीतर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और मौके पर डीएम और एसपी ने जेल की सुरक्षा में लगे जेल अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों और बलों को सुरक्षा के मद्देनजर कई आवश्यक निर्देश दिए।

# बस में आग के बाद छातापुर में बवाल, 22 हिरासत में; 114 नामजद व 250 से अधिक अज्ञात पर एफआईआर

## डीआईजी, डीएम व एसपी ने संभाली कमान, एक पुलिस पदाधिकारी घायल; इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

**न्यूज स्केल छातापुर (सुपौल)**

छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बस पड़ाव पर बुधवार शाम बस में आग लगने की घटना के बाद हालात बिगड़ गए और आक्रोशित भीड़ ने थाना पर हमला, सड़क जाम और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने अब तक 22 लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि 114 नामजद और 250 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

» इस घटना मे अबतक 22 गिरफ्तार ,अन्य की गिरफ़्तारी को लेकर चपेमारी तेज ,सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से उपद्रवियों की की जा रही है पहचान ,डी आई जी ,डीएम और एसपी ने कहा दोषियों पर होगी सख्त कार्यवाई

**बस में लगी आग, कुछ ही देर में जलकर खाक**

घटना बुधवार शाम करीब 5:30 बजे की है, जब बस पड़ाव पर खड़ी छातापुर से पटना जाने वाली देव ट्रैवल्स की बस (BR 31 P 8321) में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरी बस जलकर नष्ट हो गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी।

**दमकल में देरी से भड़का आक्रोश**





### डीएम-एसपी की मौजूदगी मे डीआईजी ने की समीक्षा, सख्त कार्रवाई के निर्देश

इधर सहरसा प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. कुमार आशीष भी रात करीब नौ बजे छातापुर थाना पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। करीब आधे घंटे तक थाना में रुककर स्थिति की समीक्षा करने के बाद डीआईजी वापस लौट गए। वहीं जिलाधिकारी और एसपी देर रात तक थाना में मौजूद रहकर छापेमारी और गिरफ्तारी की कार्रवाई की मॉनिटरिंग करते रहे।

करीब 6:20 बजे भीमपुर थाना क्षेत्र से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन उसके विलंब से पहुंचने को लेकर लोगों में नाराजगी फैल गई। इसी दौरान स्थिति बिगड़ गई और भीड़ उग्र हो उठी। स्थानीय लोगों का मानना है कि दमकल की आड़ मे कुछ समैकियों ने हालत बिगाड़े ।

**थाना पर हमला, वाहन पलटा, सड़क जाम**

आक्रोशित भीड़ दमकल कर्मियों का पीछा करते हुए छातापुर थाना पहुंच गई, जहां उपद्रवियों ने थाना के सामने खड़ी पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त कर पलट दिया। साथ ही एसएच-91 को जाम कर दिया गया और यातायात संकेतक भी तोड़ दिए गए। स्थिति को नियंत्रित करने के दौरान अवर निरीक्षक त्रिलोकीनाथ शर्मा घायल हो गए।

**छापेमारी तेज, 22 हिरासत में**

एसडीएम अभिषेक कुमार और एसडीपीओ विभाष कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर कई लोगों को हिरासत में लिया है। अब तक 22 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में भेजा जा रहा है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

**वीडियो फुटेज से होगी पहचान**

प्रशासन के अनुसार घटना से जुड़े वीडियो फुटेज और सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जो भी उपद्रव में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हर पहलू से जांच, स्थिति नियंत्रण में**

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि दमकल के विलंब की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ा। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है और एहतियातन पुलिस बल तैनात कर निगरानी जारी है।

### » वरीय अधिकारी मौके पर, क्षेत्र बना पुलिस छावनी

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस सहित कई वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब दो दर्जन थानों की पुलिस, दंगा निरोधक बल और सशस्त्र बलों की तैनाती कर क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण, पारदर्शिता व सुरक्षा पर जोर

**न्यूज स्केल ,सुपौल**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के आलोक में सुपौल स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा मासिक बाह्य निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, पारदर्शिता और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करना है।

**निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमित जांच**

निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार प्रत्येक माह वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण तथा प्रत्येक तीन माह पर आंतरिक निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। इसी क्रम में अप्रैल 2026 माह का यह नियमित निरीक्षण किया गया, ताकि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे।



» निरीक्षण के दौरान जिले के सभी राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद रहे।

**राजनीतिक दलों की मौजूदगी में हुआ निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान जिले के सभी राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद रहे।

इसके अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद यादव एवं प्रभारी पदाधिकारी, ईवीएम वेयरहाउस-सह-अवर निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

**सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर प्रशासन गंभीर**

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सुपौल में रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने पर हंगामा बुलडोजर कार्रवाई से दलित बस्ती पर कहर

**न्यूज स्केल ,सुपौल**

जिले में रेल प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर दूसरे दिन गुरुवार को भी देखने को मिला। चकला निर्मली और मेला रोड क्षेत्र में रेलवे की कार्रवाई के तहत दर्जनों गरीब और दलित परिवारों की बस्ती पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई के बाद प्रभावित परिवारों के सामने गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है।



**अचानक कार्रवाई से बेघर हुए परिवार**

बताया जा रहा है कि वर्षों से बसे इन परिवारों को बिना पूर्व सूचना हटाए जाने से उनके पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं बचा है। बस्ती उजड़ने के बाद कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। भोजन और पानी की भी भारी समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**विरोध में मेला रोड जाम, यातायात ठप**

कार्रवाई के विरोध में स्थानीय लोगों ने मेला रोड को जाम कर दिया, जिससे इलाके में यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जाम के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन घंटों तक फंसे रहे, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

**बिना पुनर्वास कार्रवाई का आरोप, राहत की मांग**

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के ही बस्ती को उजाड़ दिया। उनका आरोप है कि यदि पहले से पुनर्वास की व्यवस्था की जाती, तो उन्हें इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और जिला प्रशासन से तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने और स्थायी पुनर्वास की मांग की है।

**तनावपूर्ण माहौल, प्रशासन से हस्तक्षेप की अपेक्षा**

स्थानीय लोगों के अनुसार यह कार्रवाई मानवीय दृष्टिकोण से उचित नहीं है। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र में तनाव का माहौल है, हालांकि किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रभावित परिवार राहत और पुनर्वास की उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि आम लोग जाम से राहत मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल का 100% रिजल्ट, 14 छात्रों ने 90% से अधिक अंक लाकर रचा कीर्तिमान



ASHIYAN ANWAR



AYUSH VATS



ANKIT RAJ



VAISHNAVI



SHRISTI THAKUR



RAJ



SUKRITI SINGH



SHUBHI ABHIRAJ



TANU PRIYA



ANISH ANAND



ADITI SUMAN



SHANTANU KUMAR



AYUSH NAMAN



AYUSH NAMAN

**न्यूज स्केल ,सुपौल**

नगर परिषद सुपौल के वार्ड 13, ब्रह्म स्थान चौक स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में इस वर्ष दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार, प्रेरणादायक एवं सराहनीय रहा। विद्यालय ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर को बनाए रखते हुए विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया, जिससे पूरे क्षेत्र में विद्यालय की इस उपलब्धि की व्यापक चर्चा हो रही है।

इस वर्ष के परिणाम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि 14 विद्यार्थियों ने 90% से 96% तक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त, 21 विद्यार्थियों ने 75% से 89% तक अंक प्राप्त किए, जबकि 15 विद्यार्थियों का परिणाम 60% से 74% के बीच रहा। यह समग्र परिणाम विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली को दर्शाता है।

90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम के साथ परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राएं एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए, वहीं अभिभावकों में भी गर्व एवं संतोष का वातावरण देखने को मिला। कई विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास एवं परिवार के सहयोग को दिया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री सर्वेश कुमार तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि "यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा एवं अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है। हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।"

विद्यालय प्रबंधक श्री राहुल आनंद एवं प्रशासक श्री विश्वासचन्द्र मिश्रा ने भी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अनुशासन, नियमित कक्षाएं, अभ्यास परीक्षाएं एवं विशेष मार्गदर्शन सत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम इस वर्ष के शानदार परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आया है।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे वर्ष विद्यार्थियों ने लगन एवं परिश्रम के साथ अध्ययन किया, जिससे यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर अतिरिक्त कक्षाओं एवं पुनरावृत्ति सत्रों का आयोजन विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत बनाता है।

इस शानदार उपलब्धि के साथ सेंट जेवियर्स हाई स्कूल ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन एवं सही मार्गदर्शन के साथ हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम**

- » अदिति सुमन( 95.6% ),
- » अंकित राज ( 94.6% ),
- » वैष्णवी ( 94.4% ),
- » आशियान अनवर( 94% )
- » सुकृति ( 94% ),
- » आयुष नमन ( 93.8% ),
- » तन्नु प्रिया ( 93.7% ),
- » सृष्टि ठाकुर ( 93.4% ),
- » अनीश आनंद ( 92.2% ),
- » राज ( 91.4% ),
- » शुभी अभिराज ( 91.4% ),
- » शालिनी नयना ( 91.4% )
- » आयुष वत्स ( 90.6% )
- » शांतनु ( 90.4% )।

# भाजपा नेताओं ने सीएम बनने पर दी बधाई

**न्यूज स्केल, सुपौल।**

बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को हार्दिक बधाई दी गई है। कोशी क्षेत्र से वरिष्ठ मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को उपमुख्यमंत्री बनाने के लिए बधाई दी गयी है।



बधाई देने वालों में भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ऋषिदेव ,पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र नारायण ठाकुर ,विजय शंकर चौधरी ,संतोष प्रधान रामकुमार राय, दिलीप कुमार सिंह , राम कुमार राय, पवन कुमार अग्रवाल ,कुणाल ठाकुर ,मुन्ना सिंह, केशव प्रसाद गुड्डू सुरेंद्र नारायण पाठक ,रणधीर ठाकुर, जयंत मिश्र , ग्रीश चन्द्र ठाकुर, विनोद पाठक, अशोक शर्मा ,नरेंद्र जयसवाल, मोहम्मद जहीर ,शालिग्राम पांडेय, विजय कुमार सिंह सहित अन्य नेता शामिल है।

# कोसी गौरव सम्मान से सम्मानित हुई राजलक्ष्मी

**न्यूज स्केल, सुपौल**

सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड के सरायगढ़ पंचायत निवासी बलराम प्रसाद सिंह व बबीता कुमारी की पुत्री क्रिकेटर राजलक्ष्मी को सर्वोदय समाज के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सातवां कोसी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया यह सम्मान मुझे उसे क्रिकेट खेल में विशिष्ट उपलब्धि के लिए दिया गया गौरतलब है कि राजलक्ष्मी बीसीसीआई अंदर 19 अंदर 23 एवं सीनियर महिला खिलाड़ी है जो वर्तमान में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राजगीर नालंदा से क्रिकेट में पीजी डिप्लोमा कर रही है उनके शैक्षणिक व खेल उपलब्धि को देखते हुए सर्वोदय समाज के संस्थापक अध्यक्ष अशोक कुमार ,उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ,सचिव रणजीत कुमार विश्वास के द्वारा चयन कर 14 अप्रैल बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर टाउन हॉल कटिहार में कोसी गौरव सम्मान से राजलक्ष्मी को पूर्व विधायक कटिहार सदर श्री सत्यनारायण प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र, सॉल व संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया राजलक्ष्मी की अनुपस्थिति में उसकी माता श्रीमती बबीता कुमारी ने अपने पुत्री का पुरस्कार ग्रहण किया





इस अवसर पर पूर्णिया विश्वविद्यालय के पूर्व विभाग अध्यक्ष आचार्य कामेश्वर पंकज, आयकर अधिकारी भागलपुर हरेराम प्रसाद , साहित्यकार- हसरत सिद्दीकी, व्यवसायी रमेश केडिया, संगठन प्रभारी अरविंद कुमार यादव, कुंदन कुमार यादव ,समाजसेवी अंगद ठाकुर सहित विभिन्न क्षेत्र में सम्मानित होने वाले 12 विभूतियां सहित समाजसेवी गणमानय लोगों की उपस्थिति रही ।

# मोतिहारी में DRDO की रक्षा प्रदर्शनी शुरू, युवाओं को मिलेगी आधुनिक तकनीक की झलक

**न्यूज़ स्केल मोतिहारी,**

**01: उन्नत रक्षा उपकरणों एवं तकनीकों के मॉडल किए गए प्रदर्शित**

**02 : युवाओं में वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ाने का उद्देश्य**







सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मोतिहारी के गांधी ऑडिटोरियम परिसर में 15 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के तत्वावधान में रक्षा उपकरणों की मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन शुरू हो गया है। यह प्रदर्शनी आमजन, विशेषकर छात्र-छात्राओं के लिए देश की अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों और नवाचारों को नजदीक से जानने का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रही है।

**आधुनिक रक्षा तकनीकों का प्रदर्शन:** प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के उन्नत रक्षा उपकरणों और तकनीकों के मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं। इन मॉडलों के माध्यम से आगंतुक देश की सैन्य क्षमता, तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियों को समझ सकते हैं। यह पहल युवाओं को रक्षा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा:** इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें अनुसंधान व नवाचार की दिशा में प्रेरित करना है। प्रदर्शनी में शामिल होकर छात्र न केवल नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि वे अपने करियर के लिए नए विकल्पों पर भी विचार कर पा रहे हैं।




**विज्ञान और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा:**
यह प्रदर्शनी मोतिहारी जिले के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में उभर रही है। इसके माध्यम से विज्ञान, तकनीक और नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और युवाओं में देश की वैज्ञानिक प्रगति को लेकर रुचि विकसित होगी। परिवार और विद्यार्थियों के साथ इस प्रदर्शनी में भाग लेकर लोग न केवल ज्ञान अर्जित कर सकते हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सोच को भी मजबूत कर सकते हैं।

**सुविधाओं का व्यापक इंतजाम:** आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। परिसर में सुगम यातायात, स्वच्छता, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि सभी लोग बिना किसी असुविधा के प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकें।

**जिला प्रशासन की अपील**
जिला प्रशासन, मोतिहारी ने सभी नागरिकों, अभिभावकों, शिक्षकों और विशेष रूप से छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शनी में भाग लें। प्रशासन का मानना है कि यह आयोजन ज्ञानवर्धन के साथ-साथ युवाओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

# सारण में बिजली, जनगणना और गैस आपूर्ति पर प्रशासन सक्रिय, डीएम ने दी अहम जानकारी

**न्यूज़ स्केल सारण,**

सारण जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना अभियान और एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर मीडिया ब्रीफिंग की। उन्होंने योजनाओं का लाभ लेने और अफवाहों से बचने की अपील की।

**. पीएम सूर्य घर योजना से बिजली बिल में राहत:** जिलाधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर

**17 अप्रैल से 1 मई तक जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना अभियान**



सब्सिडी दी जा रही है। 1 किलोवाट पर ₹30 हजार, 2 किलोवाट पर ₹60 हजार और 3 किलोवाट पर अधिकतम ₹78 हजार तक की सहायता मिलती है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बड़ी बचत हो रही है।

**5 साल में लागत वसूली, 25 साल तक लाभ:** 3 किलोवाट सोलर सिस्टम की लागत लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये आती है, लेकिन बिजली बिल में बचत के जरिए करीब 5 वर्षों में पूरी लागत वसूल हो जाती है। सोलर उपकरणों की उम्र करीब 25 साल होती है और वेंडर द्वारा मेंटेनेंस की सुविधा भी दी जाती है।

**49 हजार उपभोक्ता चिन्हित, जागरूकता अभियान तेज**
जिले में 250 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले करीब 49 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना के लिए संभावित लाभार्थी के रूप में चिन्हित किया गया है। प्रशासन उन्हें जागरूक कर योजना से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

**17 अप्रैल से शुरू स्व-गणना अभियान:** जनगणना 2027 के तहत बिहार में 17 अप्रैल से 1 मई तक स्व-गणना अभियान चलेगा। नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण कर सकते हैं और घर-परिवार से जुड़े 33 प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन भर सकते हैं।

**एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, शिकायतों का समाधान:**
जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त 937 शिकायतों में से 917 का समाधान किया जा चुका है। जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ 12 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

# अरेराज में विद्यालयों का औचक निरीक्षण, पढ़ाई और एमडीएम व्यवस्था की हुई जांच

**न्यूज़ स्केल मोतिहारी,**

जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण के निर्देश के आलोक में अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री अंजली शर्मा ने प्रखंड के बहादुरपुर पंचायत स्थित विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) के संचालन तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। एसडीएम ने कक्षा में उपस्थित छात्रों से पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली और



ब्लैकबोर्ड पर सवाल हल करवाकर उनकी शैक्षणिक क्षमता का आकलन किया। इस दौरान संबंधित प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को शिक्षण कार्य में सुधार लाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बताया गया कि इससे पूर्व 15 अप्रैल 2026 को भी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था, जहां बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी विद्यालयों के निरीक्षण हेतु पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह निरीक्षण अभियान 15 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक लगातार जारी रहेगा।

# नालंदा में जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा, डीएम ने समयबद्ध कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**न्यूज़ स्केल नालंदा**

नालंदा में जनगणना 2027 के सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें तैयारियों और कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की गई।

**दो चरणों में होगा जनगणना कार्य:** बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित होगी। पहला चरण 2 मई से 31 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। वहीं दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक निर्धारित है।



**प्रगणक करेंगे घर-घर सत्यापन:** ऑनलाइन भरे गए आंकड़ों का सत्यापन 2 मई से 31 मई 2026 के बीच प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। प्रत्येक 700-800 की आबादी पर एक प्रगणक और छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। त्रुटिपूर्ण आंकड़ों में सुधार भी इसी दौरान किया जाएगा।

**जिला स्तर पर तैयारियां पूरी** जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि कोषांग गठन, मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण, आईडी-पासवर्ड निर्माण, विशेष क्षेत्रों की पहचान और व्हाट्सएप ग्रुप गठन जैसे सभी जरूरी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चार चरणों में कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनगणना 2027 का कार्य तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**स्व-गणना की नई सुविधा**
इस बार जनगणना में पहली बार स्व-गणना (Self Enumeration) की सुविधा दी गई है। आम लोग 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकेंगे। इसमें 33 मूलभूत प्रश्नों के उत्तर देने होंगे और घर का डिजिटल लोकेशन भी चिन्हित करना होगा।

# 4 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार,तीसरा फरार

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिले के पिपराकोठी थाना क्षेत्र के कोटवा रोड स्थित एक पान दुकान के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति अफीम लेकर जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पिपराकोठी थाना पुलिस, सशस्त्र बल एवं एसएसबी 71वीं बटालियन की संयुक्त टीम




ने छापेमारी की। इस दौरान दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया, जबकि तीसरा व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग निकला।

गिरफ्तार आरोपितों की तलाशी लेने पर उनके पास से एक-एक किलो के चार पैकेट में कुल 4 किलोग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह खेप मोतिहारी से दिल्ली ले जाने वाले थे।

गिरफ्तार आरोपितो में चन्द्रेश्वर महतो (उम्र 57), ग्राम भीसा, थाना पचरौता, जिला पर्सा (नेपाल) एवं झगडू महतो 66 ), ग्राम मठिया, थाना कंगली, जिला पश्चिम चंपारण शामिल है। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

फरार आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगालने में जुटी है, ताकि इस तस्करी नेटवर्क का पूरा खुलासा कियाजा सके।

छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जितेश पाण्डेय, थानाध्यक्ष बृजेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एसआई राकेश पाल सहित अन्य पुलिसकर्मी, सशस्त्र बल एवं एसएसबी 71वीं बटालियन के जवान शामिल रहे।

# सीवान में जमीन विवाद: विधायक ओसामा शहाब सहित कई पर प्राथमिकी

**सीवान** (हि.स.)। जिले के महादेवा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। गोपालगंज के मांझागढ़ थाना क्षेत्र निवासी डॉ. विनय कुमार सिंह की पत्नी डॉ. सुधा सिंह ने रघुनाथपुर के राजद विधायक ओसामा शहाब, फरहान, शबीर सहित 30-35 नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, लूट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण प्रमंडल के डीआईजी निलेश कुमार गुरुवार को सीवान पहुंचे और जांच शुरू कर दी। प्राथमिकी के अनुसार, पीड़िता ने 7 सितंबर 2024 को झूनापुर स्थित एक



जमीन खरीदी थी, जिसकी जमाबंदी उनके संयुक्त नाम से दर्ज है। यह जमीन निर्माणाधीन राम जानकी राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित है। आरोप है कि कुछ महीने पहले विधायक ओसामा शहाब ने फोन कर जमीन पर अपना दावा जताया और कागजात मांगे। पीड़िता के अनुसार, कागजात देने के बाद भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। 14 अप्रैल 2026 को फिर फोन कर निर्माण कार्य रोकने को कहा गया, जिसके तुरंत बाद 30-35 लोग हथियारों के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे और मजदूरों के साथ मारपीट की। शिकायत में कहा गया है कि आरोपितों ने मजदूरों के मोबाइल छीन लिए, सीसीटीवी तोड़ दिया और मशीनरी अपने कब्जे में ले ली। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने प्रशासन से सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक ने बताया कि आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नालंदा जिले में नकली अंग्रेजी शराब के मिनी फैक्ट्री का खुलासा

**बिहारशरीफ** (हि.स.)। जिले के मानपुर थाना इलाके में उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को को छापेमारी कर नकली अंग्रेजी शराब के मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया। जहां आरएस ब्रांड की नकली शराब का निर्माण हो रहा था। धंधेबाज टीम के हाथ नहीं आया।

सरबहदी और इटौरा गांव की सीमा पर कुंभरी नदी किनारे दो कमरे का करकटनुमा घर बना था। जहां फैक्ट्री चल रही थी। नकली शराब की फैक्ट्री से थाना पुलिस अनजान थी। छापेमारी अभियान में स्प्रीट-140 लीटर, बनाया हुआ शराब- 10 लीटर का 5 गैलन = 50 लीटर, बोतलबंद शराब – 188 बोतल (141लीटर), खाली



बोतल – 70, बॉटलिंग मशीन- 2, कैंपिंग मशीन -1 आरएस ब्रांड का लेबल, स्टिकर/होलोग्राम – लगभग 2 किलोग्राम, ढक्कन- 322, हाइड्रोमीटर -2, मापन हेतु फ्लास्क -2 (एक छोटा एक बड़ा), कलरिंग एजेंट लगभग 300 एमएल।इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन ने बताया कि मौके से नकली शराब, स्प्रीट व अन्य सामान बरामद हुआ। कुंभरी नदी किनारे सुनसान स्थान पर करकट का दो कमरा बना था। जिसमें शराब फैक्ट्री संचालित हो रही थी। धंधेबाज की पहचान कर टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है। कमरे को सील कर दिया गया है। छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, मुन्ना कुमार समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

# पुलिस अधिकारी द्वारा मामलों की समीक्षा, सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश



**न्यूज़ स्केल बेतिया।**

जिले में विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों द्वारा लंबित एवं संवेदनशील मामलों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में विभिन्न थानों से जुड़े मामलों की प्रगति, अनुसंधान की स्थिति तथा अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, वारंटियों की गिरफ्तारी और गश्ती व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस-पब्लिक समन्वय को भी मजबूत करने पर जोर दिया गया। बगहा जिला पुलिस ने भरोसा दिलाया कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। "आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है" के संकल्प के साथ पुलिस दिन-रात मुस्तैदी से कार्य कर रही है, ताकि लोग निश्चिंत होकर चैन की नींद सो सकें।

# आसनसोल में गरजे योगी आदित्यनाथ, बोले - भाजपा सरकार बनी तो खत्म होगा माफिया राज

**कोलकाता**, (हि.स.)। कोलकाता/आसनसोल, 16 अप्रैल (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक माहौल तेज हो गया है। पहले चरण के मतदान से पहले सभी प्रमुख दलों ने प्रचार अभियान को आक्रामक रूप दे दिया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आसनसोल के बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अरिजीत रॉय के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया।

**भारी भीड़ और चुनावी माहौल**
जनसभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भीड़ इतनी अधिक थी कि लोग छतों, पेड़ों और वाहनों पर चढ़कर मुख्यमंत्री को देखने की कोशिश करते नजर आए। पूरा क्षेत्र चुनावी नारों और उत्साह से गूंज उठा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी के पक्ष में बढ़ते जनसमर्थन के रूप में देखा।


**तृणमूल, कांग्रेस और वाम दलों पर निशाना:** अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अराजकता और भ्रष्टाचार का माहौल है तथा विकास कार्यों में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता लंबे समय से बदलाव की प्रतीक्षा कर रही है।

**माफिया राज और भ्रष्टाचार के आरोप:** मुख्यमंत्री ने राज्य में सैंड, कोयला और जमीन माफिया के प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास के लिए आने वाली राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता तक योजनाओं का लाभ पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित है।

**उत्तर प्रदेश मॉडल का उदाहरण**
योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में उत्तर प्रदेश का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पहले वहां भी कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति थी, लेकिन पिछले वर्षों में स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने दावा किया कि अब यूपी में दंगे नहीं होते और अपराध पर सख्त नियंत्रण स्थापित हुआ है।

**अयोध्या राम मंदिर और विकास का उल्लेख:** मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया का विरोध किया, लेकिन विकास कार्य नहीं रुक सके।

**भाजपा की अपील और चुनावी संदेश:** अंत में योगी आदित्यनाथ ने मतदाताओं से अपील की कि वे भाजपा प्रत्याशी अरिजीत रॉय को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में कानून-व्यवस्था



मजबूत होगी और विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने जनता से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

# भाजपा बंगाल में बाहरी लोगों को लाकर कर रही है पैसे का वितरण : ममता बनर्जी

**कोलकाता/अलीपुरद्वार,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अलीपुरद्वार में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा चुनाव के दौरान बाहरी लोगों को लाकर होटलों में ठहरा रही है और उनके जरिए पैसे का वितरण कराया जा रहा है।



तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार सुमन कंजीलाल के समर्थन में आयोजित सभा में ममता बनर्जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और असम से लोगों को लाकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास स्थानीय कार्यकर्ताओं की कमी है, इसलिए एजेंसियों के माध्यम से फॉर्म भरवाए जा रहे हैं और उन्हीं लोगों को बूथों पर बैठाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि बाहरी एजेंसियां फॉर्म भरने के दौरान लोगों की निजी जानकारी जैसे नाम, पता, बैंक खाते और फोन नंबर एकत्र कर रही हैं, जिसका बाद में दुरुपयोग किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कई वादे पूरे करने में विफल रहीहै। उन्होंने आरोप लगाया कि चाय बागानों को खोलने और रोजगार देने जैसे वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहले ही लागू कर दी हैं और सरकारी कर्मचारियों को 25 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है।

ममता बनर्जी ने यह भी दावा किया कि पश्चिम बंगाल में अब भी पेंशन व्यवस्था जारी है और कर्मचारियों को विभिन्न त्योहारों पर अवकाश सहित कई सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने भाजपा पर रोजगार को लेकर किए गए वादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ।

महिला आरक्षण और डीलिमिटेशन के मुद्दे पर भी उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का समर्थन होने के बावजूद इसे सीट पुनर्विन्यास के साथ जोड़ना पश्चिम बंगाल को विभाजित करने की कोशिश है और यह महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा संकट के समय लोगों के साथ खड़ी नहीं होती, जबकि राज्य सरकार प्राकृतिक आपदाओं और विकास कार्यों में लगातार सक्रिय रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए कोई जगह नहीं है। ----------------

# तृणमूल ने हुमायूं कबीर पर लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप, आयोग से की कार्रवाई की मांग

**कोलकाता**, (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पूर्व विधायक हुमायूं कबीर के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख किया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अपनी अलग राजनीतिक पार्टी बना चुके हुमायूं कबीर ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

तृणमूल कांग्रेस ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को भेजे गए ई-मेल में हुमायूं कबीर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक और व्यक्तिगत टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। शिकायत के साथ एक प्रेसवार्ता का वीडियो भी संलग्न किया गया है, जिसमें



कबीर कथित रूप से ऐसे बयान देते हुए सुनाई दे रहे हैं। इन टिप्पणियों में पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी का नाम भी शामिल है।

पार्टी ने अपनी शिकायत में कहा है कि इस तरह की बयानबाजी आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। नियमों के तहत किसी भी उम्मीदवार को किसी व्यक्ति के निजी जीवन पर हमला करने या अशोभनीय एवं नैतिकता के विरुद्ध टिप्पणी करने की अनुमति नहीं है।

तृणमूल ने यह भी दावा किया है कि हुमायूं कबीर के बयान भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 356, 351 और 174 का भी उल्लंघन करते हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग से हुमायूं कबीर को कारण बताओ नोटिस जारी करने, संबंधित एजेंसी को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने तथा कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

हाल ही में तृणमूल कांग्रेस ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि कबीर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हजार करोड़ रुपये का समझौता किया है, जिसका उद्देश्य आगामी दो चरणों के विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक मतों का विभाजन करना है। हालांकि, कबीर ने इस वीडियो को फर्जी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार बताया है। वहीं, भाजपा ने भी इस तरह के किसी समझौते से इनकार किया है।

वहीं, वीडियो सामने आने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख व हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हुमायूं कबीर और उनकी पार्टी के साथ घोषित गठबंधन तोड़ दिया है।------------

## भाजपा पश्चिम बंगाल में 'डबल सेंचुरी' पार करेगी : हिमंत बिस्वा सरमा



**सिलीगुड़ी,** (हि. स.)। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा "डबल सेंचुरी" यानी 200 से अधिक सीटें जीतने जा रही है और सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। वह फांसीदेवा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दुर्गा मुर्मू के समर्थन में खोरीबाड़ी के बतासी पीएसए मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार को "माफिया, मनी और मर्डर की सरकार" बताते हुए कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सरमा ने असम और पश्चिम बंगाल की तुलना करते हुए कहा कि असम में चाय बागान मजदूरों को अधिक मजदूरी मिलती है, जबकि बंगाल में कम है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर करीब पांच लाख नौकरियां दी जाएंगी और पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी होगी।

उन्होंने ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वे भाजपा को लेकर मछली-मांस पर प्रतिबंध जैसे मुद्दों पर जनता को गुमराह कर रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण जनसंख्या संतुलन बदल रहा है और भाजपा सरकार बनने पर इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोलकाता के सौ से अधिक मतदान केंद्रों में बिजली नहीं, चुनाव आयोग ने दिए इंतजाम के निर्देश

**कोलकाता, (हि.स.)**

-------------------------

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले राजधानी कोलकाता के सौ से अधिक मतदान केंद्रों में बिजली व्यवस्था नहीं होने का मामला सामने आने के बाद चुनाव आयोग ने गंभीर चिंता जताई है। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस बार मतदान प्रक्रिया में वेब कास्टिंग को अनिवार्य किया गया है, लेकिन बिजली आपूर्ति के अभाव में यह व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सभी मतदान केंद्रों पर निर्बाध बिजली सुनिश्चित की जाए और जहां स्थायी कनेक्शन उपलब्ध नहीं है, वहां जनरेटर की व्यवस्था की जाए।

सूत्रों के अनुसार, कोलकाता के बंदरगाह क्षेत्र में 50 से अधिक बूथ ऐसे हैं जहां बिजली की सुविधा नहीं पाई गई है। यह स्थिति शहरी क्षेत्र में होने के कारण आयोग के लिए भी हैरानी का विषय बनी हुई है।

आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के रूप में अक्सर स्कूल भवनों का उपयोग किया जाता है, इसलिए वहां मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है।

इसके अलावा, आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि मतदान के दौरान बूथों में पर्याप्त रोशनी, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। कई बूथों में इन सुविधाओं की कमी की शिकायतें भी सामने आई हैं।

राज्य में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को निर्धारित है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में मतदान प्रक्रिया को बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

# चुनाव ड्यूटी पर आए 28 केंद्रीय जवान फूड पॉयजनिंग के शिकार

**कोलकाता, (हि.स.)**

-------------------------

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय बल के 28 जवान फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। यह घटना तूफानगंज-2 ब्लॉक के तल्लीगुड़ी हाई स्कूल परिसर में हुई, जहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवान ठहरे हुए थे।



जानकारी के अनुसार बुधवार को जवानों ने स्कूल परिसर में ही भोजन और पीने के पानी का सेवन किया। इसके कुछ ही समय बाद कई जवानों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उन्हें तेज बुखार, पेट दर्द और उल्टी जैसी शिकायतें होने लगीं, जिसके बाद सभी को तुरंत तूफानगंज महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार 28 में से 14 जवानों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि बाकी जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा गया है या छुट्टी दे दी गई है। डॉक्टरों ने प्राथमिक तौर पर भोजन या पेयजल में गड़बड़ी की आशंका जताई है। सभी प्रभावित जवानों को सलाइन देकर इलाज किया जा रहा है।

घटना के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। तूफानगंज के एसडीपीओ और बीडीओ ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। वहीं, राजनीतिक दलों ने भी इस घटना को गंभीर बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## स्मृति ईरानी व शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने की आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**कोलकाता, (हि.स.)**

-------------------------

कोलकाता, 16 अप्रैल (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावी सरगर्मी के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया है। पार्टी ने इस मामले में चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।



टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि 15 अप्रैल को भाजपा नेताओं, जिनमें स्मृति ईरानी और शुभेंदु अधिकारी शामिल हैं, ने 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' नामक एक नई योजना की घोषणा की। इसके तहत महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये सीधे बैंक खातों में देने का वादा किया जा रहा है। साथ ही कई स्थानों पर इस योजना के फॉर्म भी वितरित किए जाने की बात कही गई है।

पार्टी का कहना है कि इस तरह की घोषणाएं और फॉर्म वितरण चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है, क्योंकि इससे मतदाताओं को आर्थिक लाभ का प्रलोभन देकर प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। टीएमसी ने आरोप लगाया कि यह कोई सामान्य सामाजिक पहल नहीं बल्कि चुनावी लाभ के उद्देश्य से की गई सुनियोजित कार्रवाई है।

टीएमसी ने यह भी कहा कि कोलकाता में स्मृति ईरानी की मौजूदगी के दौरान महिलाओं के बीच इस योजना से जुड़े फॉर्म भी बांटे गए, जो आचार संहिता की भावना के खिलाफ है। पार्टी ने इसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 के तहत "भ्रष्ट आचरण" करार दिया है। इसके साथ ही टीएमसी ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं का हवाला देते हुए इसे दंडनीय अपराध बताया है और चुनाव आयोग से मांग की है कि भाजपा नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# भाजपा ने 'युवा शक्ति भरोसा कार्ड' लॉन्च किया, बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपये मासिक देने का वादा

**कोलकाता, (हि.स.)**

-------------------------

कोलकाता, 16 अप्रैल (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने युवाओं को साधने के उद्देश्य से 'युवा शक्ति भरोसा कार्ड' योजना की शुरुआत की है। गुरुवार को कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में मशहूर पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बॉक्सर विजेंदर सिंह की उपस्थिति में इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया और युवाओं के बीच कार्ड वितरित किए गए।



भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया है कि बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, ताकि उन्हें संक्रमण काल के दौरान वित्तीय सहारा मिल सके। पार्टी ने इसे युवाओं को सम्मान, अवसर और आत्मनिर्भर भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

कार्यक्रम में पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि बंगाल के युवा सबसे अधिक वंचित हैं। उन्हें सम्मान देने के लिए पार्टी ने इस योजना के शुभारंभ का निर्णय लिया है। बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूरे देश के युवाओं के खेलकूद और भविष्य को लेकर लगातार काम किया है। युवा शक्ति योजना भी उसी का हिस्सा है। इससे बंगाल के युवाओं को वित्तीय मजबूती मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि, इससे एक दिन पहले भाजपा ने महिलाओं के लिए 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' योजना की भी घोषणा की थी।भाजपा का कहना है कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी इसे राज्य के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक व्यापक दृष्टि का हिस्सा बता रही है।

वहीं, इन घोषणाओं को लेकर सियासी विवाद भी तेज हो गया है। प्रदेश में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव के नजदीक इस तरह की योजनाओं की घोषणा और वितरण को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने आरोप लगाया है कि यह कदम चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है और मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।

तृणमूल कांग्रेस का यह भी कहना है कि भाजपा पहले लक्ष्मी भंडार और युवा साथी जैसी राज्य सरकार की योजनाओं की आलोचना करती रही है, लेकिन अब चुनावी माहौल में उसी तरह की वित्तीय सहायता योजनाओं पर भरोसा जता रही है।-------------------



## नितिन नवीन का बयान



शपथ लेने के बाद नितिन नवीन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सदस्य के रूप में यह उनके सार्वजनिक जीवन का नया अध्याय है और वे बिहार की आवाज को मजबूती से सदन में उठाने के साथ 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

**नई दिल्ली,** (हि.स.) संसद के विशेष तीन दिवसीय सत्र के पहले दिन गुरुवार को राज्यसभा की कार्यवाही औपचारिकताओं के बीच संपन्न हुई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन सहित विभिन्न दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। सदन की कार्यवाही दिनभर सीमित एजेंडे के साथ चली और अंत में इसे शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**नए सदस्यों का शपथ ग्रहण** राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों में तेराश गोवाला, जोगेन मोहन, सुजीत कुमार, डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी, वेम नरेंद्र रेड्डी, विनोद कुमार तावड़े, अनुराग शर्मा, संजय भाटिया, प्रमोद बोरो, करमवीर सिंह बौद्ध, फूलो देवी नेतम, लक्ष्मी वर्मा, शिवेश कुमार, रामनाथ ठाकुर और उपेन्द्र कुशवाहा जैसे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि शामिल रहे। उपसभापति ने सभी नए सांसदों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

**दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि** सत्र के दौरान सदन ने पूर्व राज्यसभा सदस्य मोहसिना किदवई और प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त किया। सदस्यों ने उनके योगदान को याद करते हुए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दिन की कार्यवाही को आगे नहीं बढ़ाया गया।

**महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा की तैयारी:** तीन दिवसीय विशेष सत्र के दूसरे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक सहित दो अन्य अहम विधेयकों पर चर्चा शुरू होने की संभावना है। इससे पहले लोकसभा में इन विधेयकों पर चर्चा जारी है और शुक्रवार को इन्हें पारित कराने की योजना है। यह विधेयक महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# सर्राफा बाजार में चांदी में तेजी का रुख, 11 हजार रुपये से भी अधिक बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली,** (हि.स.) घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में गुरुवार को जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। हाजिर बाजार में चांदी 11 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक महंगी हो गई, जिससे देशभर के बाजारों में इसके भाव 2,69,900 रुपये से लेकर 2,75,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए। हाल के दिनों में यह तेजी निवेशकों के बढ़ते रुझान और वैश्विक परिस्थितियों का असर मानी जा रही है।



**चांदी में तेज उछाल:** सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में गुरुवार को जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। हाजिर बाजार में चांदी 11 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक महंगी होकर करीब 2.70 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि डॉलर इंडेक्स में कमजोरी और वैश्विक अनिश्चितता के कारण निवेशकों का रुझान चांदी की ओर बढ़ा है। पिछले एक महीने में भी चांदी में करीब 20 हजार रुपये की तेजी देखी गई है, जिससे बाजार में मजबूती बनी हुई है।

**सोना भी बना मजबूत निवेश:** वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने की कीमतों को मजबूती मिल रही है। निवेशक सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोने की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे इसकी मांग बढ़ी है। डॉलर में कमजोरी ने भी सोने को सहारा दिया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा हालात में सोना निवेश के लिए भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। यदि वैश्विक तनाव जारी रहता है, तो आने वाले दिनों में सोने की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना बनी रह सकती है।



**वैश्विक कारणों से बढ़ी चमकीली धातुएं:** अंतरराष्ट्रीय बाजार में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव का असर सर्राफा बाजार पर दिख रहा है। पश्चिम एशिया की स्थिति और डॉलर इंडेक्स में कमजोरी के कारण सोना और चांदी दोनों की कीमतों को समर्थन मिला है। विशेषज्ञों का कहना है कि अनिश्चित माहौल में निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि चांदी की औद्योगिक मांग में कुछ कमी आई है, लेकिन भविष्य में हालात सामान्य होने पर मांग बढ़ने और कीमतों में और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अलर्ट : यूरोप में जेट फ्यूल संकट, 6 हफ्तों में उड़ानें हो सकती हैं प्रभावित

**नई दिल्ली,** (हि.स.) अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी) के प्रमुख फतिह बिरोल ने चेतावनी दी है कि यूरोप में जेट ईंधन का भंडार तेजी से घट रहा है और मौजूदा स्टॉक केवल करीब 6 सप्ताह तक ही चल सकता है। अगर आपूर्ति श्रृंखला में जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने की आशंका है।

समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, ईंधन संकट के कारण



एयरलाइंस के परिचालन पर सीधा असर पड़ सकता है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ सकती है। इस स्थिति को अब तक के सबसे बड़े ऊर्जा संकटों में से एक बताया जा रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, संकट की जड़ होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति बाधित होना है, जहां से दुनिया की बड़ी ऊर्जा आपूर्ति गुजरती है। यदि स्थिति लंबी चली, तो पेट्रोल, गैस और बिजली की कीमतों में तेज उछाल के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ सकता है।

# दिल्ली—मुंबई एक्सप्रेसवे का विस्तार तेज: गोधरा—वडोदरा सेक्शन ट्रायल के तौर पर शुरू

**नई दिल्ली,** (हि.स.) देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल दिल्ली—मुंबई एक्सप्रेसवे का विस्तार तेजी से हो रहा है। इसी क्रम में गोधरा से वडोदरा के बीच नया सेक्शन 13 अप्रैल 2026 से ट्रायल आधार पर शुरू कर दिया गया है। यह 8-लेन एक्सेस कंट्रोल हाईवे गुजरात में कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा और आगे पूरे कॉरिडोर



को गति देगा।

करीब 1,386 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे पूरा होने के बाद दिल्ली से मुंबई की दूरी महज 12 घंटे में तय की जा सकेगी, जबकि वर्तमान में 20-24 घंटे लगते हैं। यह परियोजना हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को जोड़ेगी। इससे जयपुर, कोटा, इंदौर, भोपाल, सूरत और अहमदाबाद जैसे शहरों को सीधा लाभ मिलेगा।

एक्सप्रेसवे पर एंट्री-एग्जिट केवल निर्धारित इंटरचेंज से ही संभव होगी, जिनमें DND, सोहना, दौसा, दाहोद, वडोदरा, सूरत और नवी मुंबई प्रमुख हैं। सरकार का लक्ष्य 2027 तक पूरे प्रोजेक्ट को चालू करना है।

# 15 दिनों तक रोज ग्रीन टी पीने से शरीर में दिखते हैं ये 5 असर

**नई दिल्ली,** (हि.स.) अगर आप लगातार 15 दिनों तक रोजाना ग्रीन टी पीते हैं, तो इसका असर धीरे-धीरे आपके शरीर पर दिखने लगता है। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, खासकर कैटेचिन, शरीर को अंदर से साफ करने में मदद करते हैं। इससे लिवर की कार्यक्षमता बेहतर हो सकती है और शरीर से टॉक्सिन बाहर निकलने में सहायता



मिलती है इस दौरान आपका एनर्जी लेवल भी संतुलित रहता है। ग्रीन टी में मौजूद तत्व दिमाग को शांत रखते हुए एकाग्रता बढ़ाते हैं, जिससे दिनभर थकान कम महसूस होती है। त्वचा पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ता है—मुहांसे कम हो सकते हैं और स्किन अधिक साफ व फ्रेश दिखने लगती है।

वजन के मामले में कोई चमत्कारिक बदलाव तो नहीं होता, लेकिन मेटाबॉलिज्म थोड़ा तेज होता है, जिससे हल्कापन महसूस होता है। साथ ही भूख पर भी थोड़ा कंट्रोल आता है।

इसके अलावा, ग्रीन टी दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। यह कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को संतुलित करने में मदद कर सकती है, जिससे लंबे समय में हृदय स्वस्थ रहता है।

# राशिफल : 17 अप्रैल, 2026



मेष- आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी। शुभांक-2-3-6



वृष- व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9



मिथुन- आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7



कर्क- बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8



सिंह- व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4



कन्या- पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7




तुला- अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7



वृश्चिक- आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8



धनु- उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6



मकर- आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9



कुम्भ- घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5



मीन- शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

# पंचांग : 17 अप्रैल, 2026

17 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य मेष में
चंद्र मीन में
मंगल मीन में
बुध मीन में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
मेष 05.29 बजे से
वृष 07.13 बजे से
मिथुन 09.11 बजे से
कर्क 11.25 बजे से
सिंह 13.41 बजे से
कन्या 15.53 बजे से
तुला 18.03 बजे से
वृश्चक 20.18 बजे से
धनु 22.34 बजे से
मकर 00.39 बजे से
कुंभ 02.26 बजे से
मीन 03.58 बजे से

शुक्रवार 2026 वर्ष का 107वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु ग्रीष्म।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) पक्ष कृष्ण तिथि अमावस्या 17.22 बजे को समाप्त। नक्षत्र रेवती 12.02 बजे को समाप्त। योग वैधृति 07.22 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 03.46 बजे रात्र को समाप्त। करण चतुष्पद 06.50 बजे, नाग 17.22 बजे तदनन्तर किस्तुघ्न 03.48 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 24.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 100 24
सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1872682
जूलियन दिन 2461147.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल तारीख 28
विशेष दर्श व वैशाख अमावस्या।

# लोकसभा में तीनों विधेयकों पर चर्चा शुरू, कल शाम 4 बजे मतदान

**नई दिल्ली**, (हि.स.)।

**01: सरकार का लक्ष्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना है।**

------------------

**02 : चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने विरोध जताया, जिस पर गृह मंत्री अमित शाह ने तकनीकी आपत्तियों का उल्लेख किया।**

------------------

संसद के विस्तारित बजट सत्र के तहत गुरुवार को महिला आरक्षण से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हो गई। सरकार ने सुबह इन विधेयकों को सदन में पेश किया, जिसके बाद आवश्यक संसदीय प्रक्रिया पूरी कर एकसाथ इन पर बहस प्रारंभ की गई। इन विधेयकों पर शुक्रवार शाम 4 बजे मतदान कराया जाएगा। चर्चा का जवाब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देंगे।

**विधेयकों की पेशी और सदन में प्रारंभिक कार्रवाई:** लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होते ही विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान (131वां संशोधन) विधेयक-2026 और परिसीमन विधेयक-2026 को सदन में पेश करने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक-2026 को प्रस्तुत किया। सदन में इन प्रस्तावों पर मतदान कराया गया, जिसमें 251 सांसदों ने पक्ष में और 185 सांसदों ने विरोध में मतदान किया। नियमों के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक को पेश करने के लिए सामान्य बहुमत आवश्यक होता है।

**विपक्ष की प्रतिक्रिया और राजनीतिक बयानबाजी**

चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने विधेयकों का विरोध करते हुए कई तकनीकी और संवैधानिक आपत्तियां उठाईं, जिस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वे केवल तकनीकी मुद्दे उठा रहे हैं, जबकि सरकार हर प्रश्न का विस्तार से जवाब देगी। बहस के दौरान सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

**समाजवादी पार्टी का रुख और आगे की कार्यवाही:** समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह महिला आरक्षण की समर्थक है, लेकिन पार्टी सदस्य धर्मेंद्र यादव ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान (131वां संशोधन) विधेयक-2026, केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक-2026 और परिसीमन विधेयक-2026 का विरोध करती है। हालांकि, पार्टी ने यह भी दोहराया कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर वह किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। अब सभी की निगाहें शुक्रवार शाम 4 बजे होने वाले मतदान पर टिकी हैं।



**चर्चा की शुरुआत और संसदीय प्रक्रिया:**
प्रस्तावों के स्वीकार होने के बाद तीनों विधेयकों पर विस्तृत चर्चा शुरू की गई। लोकसभा अध्यक्ष ने इन पर बहस के लिए 12 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर विपक्ष की मांग पर बढ़ाया जा सकता है। सदन में विभिन्न दलों के सांसदों ने अपनी-अपनी राय रखनी शुरू कर दी है और चर्चा के दौरान तीखी बहस के भी आसार हैं।

**राज्यसभा की समय-सारणी और सरकार का उद्देश्य:**
राज्यसभा में इन विधेयकों पर 18 अप्रैल को चर्चा और मतदान प्रस्तावित है, जिसके लिए 10 घंटे का समय तय किया गया है। सरकार का कहना है कि इन विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना है, जिसे एक बड़े सुधारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# आंध्र प्रदेश के कर्नुल में सड़क हादसा, कर्नाटक के आठ श्रद्धालुओं की मौत, 12 अन्य घायल

**हैदराबाद**, (हि.स.)। आंध्र प्रदेश के कर्नुल जिले में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। यह हादसा नेशनल हाईवे-167 पर धर्मापुर टोल प्लाजा से करीब 8-9 किलोमीटर दूर कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन और रेडी-मिक्स लॉरी की आमने-सामने की जोरदार टक्कर के कारण यह हादसा हुआ।



**घायलों का इलाज जारी, कई की हालत गंभीर:** घायलों को यममिगनूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसपी भार्गवी के अनुसार, सात घायलों को बेहतर इलाज के लिए कुर्नुल रेफर किया गया है, जबकि अन्य का स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। एक घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मुख्यमंत्री ने जताया दुख, जांच के निर्देश:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों से पूरी जानकारी ली और घटना को अत्यंत दुखद बताया। परिवहन मंत्री मंडिपल्ली रामप्रसाद रेड्डी ने भी संवेदना जताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के साथ हुआ यह हादसा बेहद पीड़ादायक है।

**तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे सभी श्रद्धालु:** पुलिस के मुताबिक, सभी यात्री मंत्रालयम स्थित श्री राघवेंद्र स्वामी मठ में दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा तड़के करीब 3:30 बजे चिलकलाडोना के पास हुआ। पिकअप वाहन में कुल 21 लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# विधि मंत्री मेघवाल ने लोकसभा में कहा- यह दिन इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा



**नई दिल्ली** (हि.स.)। नई दिल्ली में गुरुवार को लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े तीन अहम विधेयकों पर चर्चा हुई। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने इसे संसदीय इतिहास का "स्वर्णिम दिन" बताया।

**महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान:** मेघवाल ने कहा कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक सहित अन्य प्रस्तावों का उद्देश्य महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देना है। इसके तहत 815 सदस्यीय लोकसभा में 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

**परिसीमन और सीटों का नया ढांचा:** उन्होंने बताया कि किसी भी राज्य की मौजूदा सीट संख्या में कमी नहीं होगी। आरक्षण अतिरिक्त सीटों पर लागू किया जाएगा। परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर किया जाएगा ताकि प्रक्रिया में देरी न हो।

**सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर:** मेघवाल ने केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे उज्ज्वला, जनधन, मुद्रा, सुकन्या समृद्धि और लखपति दीदी का उल्लेख करते हुए कहा कि ये योजनाएं महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं।

**2029 से पहले लागू होने की उम्मीद:** उन्होंने कहा कि यह विधेयक 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू होकर महिलाओं को एक-तिहाई प्रतिनिधित्व देगा। मेघवाल ने सभी दलों से अपील की कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन करें।

# भाजपा ने 'युवा शक्ति भरोसा कार्ड' लॉन्च किया, बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपये मासिक देने का वादा

**कोलकाता**।(हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने युवाओं को केंद्र में रखकर नई योजना 'युवा शक्ति भरोसा कार्ड' की शुरुआत की है। गुरुवार को कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया और युवाओं को कार्ड वितरित किए गए।



**युवाओं के लिए आर्थिक सहायता का वादा:** भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। पार्टी का कहना है कि यह सहायता युवाओं को रोजगार की तलाश के दौरान आर्थिक स्थिरता प्रदान करेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी।

**भाजपा का रोजगार लक्ष्य**
भाजपा ने यह भी दावा किया है कि आगामी पांच वर्षों में राज्य में एक करोड़ नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। पार्टी का कहना है कि यह योजना युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उन्हें बेहतर भविष्य देने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

**सियासी विवाद भी तेज**
इस घोषणा के बाद राजनीतिक विवाद भी बढ़ गया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए सवाल उठाए हैं। टीएमसी का आरोप है कि भाजपा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए चुनाव से ठीक पहले इस तरह की योजनाओं की घोषणा कर रही है, जबकि पहले वह राज्य सरकार की समान योजनाओं की आलोचना करती रही है।

**कार्यक्रम में खिलाड़ियों की मौजूदगी:**
इस लॉन्च कार्यक्रम में पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बॉक्सर विजेंदर सिंह भी मौजूद रहे। लिएंडर पेस ने कहा कि बंगाल के युवा लंबे समय से अवसरों से वंचित रहे हैं और इस योजना से उन्हें नया भरोसा मिलेगा। वहीं विजेंदर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने खेल और युवा विकास के क्षेत्र में लगातार काम किया है और यह योजना उसी दिशा में एक कदम है।

# झारखंड में नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में कोबरा जवान घायल

**पश्चिमी सिंहभूम**, (हि.स.)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के घने जंगलों में गुरुवार सुबह सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) में विस्फोट में हो गया। इस धमाके में कोबरा बटालियन-210 के जवान अभिनव कुमार मित्तल गंभीर रूप से घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, नक्सली इलाके में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए लगातार आईईडी प्लांट कर रहे हैं और जंगल का फायदा उठाकर छिपकर हमले कर रहे हैं। इसके बावजूद सुरक्षाबल पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रहे हैं और इलाके को नक्सल मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। घायल जवान को प्राथमिक उपचार देने के बाद हेलीकॉप्टर के माध्यम से रांची भेजा गया है। छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा और आसपास के इलाकों में बीते बुधवार से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों को क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी, जिसके बाद कोबरा, झारखंड पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीम बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चला रही है। बुधवार को भी मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने आईईडी और गोलीबारी के जरिए जवानों को निशाना बनाया था।



# पश्चिम बंगाल में हिंगलगंज के बीएसएफ कैंप में लगी आग, एक जवान की हुई मौत

**कोलकाता**, (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के बसिरहाट महकमे के हिंगलगंज थाना क्षेत्र के बड़ा बांकड़ा इलाका स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कैंप में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। यह कैंप बीएसएफ की 77वीं बटालियन का है, जहां आग लगने से पूरे परिसर में अफरा तफरी मच गई। आग कैंप के उस कमरे में लगी



जहां नदी मार्ग से गश्त के लिए इस्तेमाल होने वाली नावों का ईंधन रखा गया था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने के समय जवान राम सिंह कमरे के अंदर मौजूद थे। वहां से बाहर नहीं निकल पाने से उनकी मौत हो गई।

आग लगते ही कुछ ही मिनटों में काले धुएं ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। धुएं के कारण आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और लोग बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी।

सूचना मिलने पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। बाद में लभुबहाल क्षेत्र से अतिरिक्त दमकल वाहन भी बुलाया गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया।

आग पर काबू पाने के बाद जब अंदर तलाशी ली गई तो जवान राम सिंह का शव बरामद किया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और तनाव का माहौल है।

# इंडी गठबंधन की बैठक में महिला आरक्षण पर समर्थन, परिसीमन का विरोध

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में विपक्षी 'इंडी गठबंधन' के नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में आयोजित इस बैठक में आगामी रणनीति और संसद में उठाए जाने वाले मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राहुल गांधी, जयराम रमेश, सुप्रिया सुले, संजय राउत और सागरिका घोष समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। चर्चा का मुख्य फोकस महिला आरक्षण से जुड़े विधेयकों और प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया पर रहा। विपक्ष ने स्पष्ट किया कि वह महिला आरक्षण का समर्थन करता है, लेकिन परिसीमन के मौजूदा प्रावधानों को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। खरगे ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर संसद को "हाईजैक" करने की कोशिश सफल नहीं होने दी जाएगी और विपक्ष एकजुट होकर इसका विरोध करेगा। वहीं एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन से राज्यों के बीच असंतुलन बढ़ सकता है, जिसे विपक्ष स्वीकार नहीं करेगा।



# ट्रंप का इटली की पीएम मेलोनी पर हमला, ईरान युद्ध और पोप बयान को लेकर बढ़ा विवाद



**मिलान/वॉशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी पर तीखा हमला बोलते हुए ईरान युद्ध और नाटो सहयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले ट्रंप ने पोप लियो XIV पर टिप्पणी कर विवाद खड़ा किया था, और अब उनका रुख यूरोप के अपने ही एक प्रमुख सहयोगी देश इटली की ओर सख्त हो गया है। ट्रंप ने इटली के प्रमुख अखबार 'कोरियरे डेला सेरा' को दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें लगा था कि मेलोनी अमेरिका के साथ मजबूती से खड़ी होंगी, लेकिन वे गलत थे। उन्होंने कहा, "मुझे लगा था कि उनमें साहस है, मैं गलत था।" ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि जो देश ईरान के मुद्दे पर अमेरिका का समर्थन नहीं करेंगे, उनके साथ अमेरिका के संबंध पहले जैसे नहीं रहेंगे। फॉक्स न्यूज को दिए एक बयान में ट्रंप ने दोहराया कि मेलोनी का रुख नकारात्मक है और इटली ने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल रणनीति का समर्थन नहीं किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सहयोगी देशों से अपेक्षा होती है कि वे ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अमेरिका के साथ खड़े हों। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मेलोनी ने स्पष्ट कर दिया है कि इटली इस संघर्ष में शामिल नहीं होगा। हाल ही में इटली ने अमेरिकी बमवर्षक विमानों को सिसिली स्थित एयरबेस पर उतरने की अनुमति भी नहीं दी थी, जिसे इस विवाद का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। मेलोनी ने ट्रंप के पोप लियो XIV पर दिए बयान को भी "अस्वीकार्य" बताया था। इस पूरे घटनाक्रम पर विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद मेलोनी की घरेलू राजनीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि उनकी पार्टी 'ब्रदर्स ऑफ इटली' के नेताओं का कहना है कि अमेरिका-इटली संबंधों पर इसका कोई स्थायी असर नहीं पड़ेगा और दोनों देश नाटो के तहत सहयोग जारी रखेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, ट्रंप की हालिया बयानबाजी से यूरोप और अमेरिका के बीच कूटनीतिक तनाव और बढ़ सकता है, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक सुरक्षा और ऊर्जा संकट पहले से ही चुनौती बने हुए हैं।

# पाकिस्तान की मध्यस्थता के बाद ईरान का सख्त रुख- 'फ्रेमवर्क तय किए बिना अमेरिका से नई वार्ता बेकार'

**तेहरान**, (हि.स.)। ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित नई वार्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख सैयद आसिम मुनीर और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ तेहरान में हुई उच्चस्तरीय बातचीत के बाद ईरान ने स्पष्ट किया कि बिना स्पष्ट "फ्रेमवर्क" के आगे की बातचीत का कोई लाभ नहीं होगा।

ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, भविष्य की किसी भी वार्ता के लिए पहले एक ठोस ढांचा तय किया जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को अपने पहले किए गए वादों को पूरा करना होगा और "अत्यधिक मांगों" से पीछे हटना होगा, तभी बातचीत आगे बढ़ सकती है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए संवाद को फिर से शुरू कराने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान वार्ता बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई थी, जिसके बाद नई बातचीत की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने अमेरिका का संदेश तेहरान तक पहुंचाया है और संभावित दूसरे दौर की वार्ता के लिए आधार तैयार करने की कोशिश की है। हालांकि, ईरान का कहना है कि सिर्फ बातचीत शुरू करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्पष्ट शर्तों और पारस्परिक सहमति वाले ढांचे की आवश्यकता है।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की तारीफ करते हुए कहा कि वे ईरान से जुड़े मुद्दे पर अच्छा काम कर रहे हैं। ट्रंप ने दोनों नेताओं को बेहतरीन बताते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की।

ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान के ईरान के साथ करीबी रिश्ते हैं, जिससे इस मुद्दे पर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है और इसमें सकारात्मक प्रगति भी दिख रही है।

# ईरान पर अमेरिकी नाकाबंदी बरकरार, डील ठुकराने पर युद्ध की चेतावनी

**वॉशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि ईरान के खिलाफ नौसैनिक नाकाबंदी फिलहाल जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेता, तब तक यह कदम वापस नहीं लिया जाएगा। अमेरिका ने इस नीति को अपनी सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा बताया है।



नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखने का निर्णय प्रेस ब्रीफिंग में हेगसेथ ने कहा कि नाकाबंदी हटाने को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान किसी प्रस्तावित समझौते को स्वीकार नहीं करता, तो हालात फिर से युद्ध की दिशा में जा सकते हैं। अमेरिकी सेना किसी भी समय कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है और राष्ट्रपति के आदेश मिलते ही तुरंत कदम उठा सकती है।

ईरान पर दावे और सैन्य चेतावनी अमेरिकी रक्षा मंत्री ने दावा किया कि हालिया घटनाओं से ईरान की सैन्य क्षमता को नुकसान पहुंचा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मोजतबा खामेनेई के घायल होने की सूचना मिली है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि ईरान की ओर से नहीं हुई है। जनरल डैन केन ने चेतावनी दी कि नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को रोका जाएगा और जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग किया जाएगा।

बढ़ता क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक चिंता अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार अब तक 13 जहाज चेतावनी मिलने के बाद वापस लौट चुके हैं। इनमें से अधिकांश नाकाबंदी क्षेत्र के करीब पहुंचने के बाद पीछे हट गए। पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच यह घटनाक्रम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चिंता का कारण बन रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय कूटनीतिक समाधान की उम्मीद कर रहा है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री शाह और उनके मंत्रियों की संपत्ति भी जांच के दायरे में

**काठमांडू**, (हि.स.)। नेपाल सरकार ने देश के उच्च सार्वजनिक पदों पर रहे और वर्तमान पदाधिकारियों की संपत्ति की जांच के लिए एक विशेष जांच आयोग का गठन किया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में पूर्व न्यायाधीश राजेन्द्र भण्डारी की अध्यक्षता में इस आयोग के गठन का निर्णय लिया गया। आयोग के गठन की घोषणा के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में व्यापक हलचल देखी जा रही है। सरकार का कहना है कि यह कदम चुनावी प्रतिबद्धताओं और पारदर्शिता की नीति के तहत उठाया गया है।



**2005 के बाद सभी पूर्व प्रधानमंत्री और मंत्री जांच के घेरे में:** आयोग का दायरा वर्ष 2005 के बाद से अब तक रहे सभी प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों और उच्च पदस्थ अधिकारियों तक बढ़ाया गया है। इसमें शेरबहादुर देउवा, केपी शर्मा ओली, पुष्पकमल दाहाल 'प्रचण्ड', माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबुराम भट्टराई और खिलराज रेग्मी जैसे प्रमुख नेता शामिल हैं। इनके साथ-साथ उनके परिवारों की संपत्ति की भी जांच की जाएगी। यह फैसला देश की राजनीतिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से लिया गया है।

**राष्ट्रपति, नौकरशाह और अन्य उच्च अधिकारी भी शामिल:** आयोग के दायरे में राष्ट्रपति पद के पूर्व और वर्तमान सभी पदाधिकारियों की संपत्ति जांच पर भी विचार किया जा रहा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। इसके अलावा सचिव स्तर के अधिकारियों और संभवतः राजदूतों की संपत्ति भी जांच के दायरे में लाई जाएगी। आयोग की समयसीमा अभी तय नहीं की गई है, क्योंकि यह एक जटिल और व्यापक प्रक्रिया मानी जा रही है।

**वर्तमान प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल भी जांच के दायरे में**

सरकारी स्पष्टिकरण के अनुसार मौजूदा प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्य भी इस जांच के दायरे में होंगे। प्रधानमंत्री के निजी सचिवालय और मीडिया सलाहकारों ने पुष्टि की है कि आयोग को पूर्ण अधिकार दिया जाएगा कि वह वर्तमान पदाधिकारियों की संपत्ति की भी जांच कर सके। जेन-जी आंदोलन के बाद बनी अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति भी इसमें शामिल होगी।

# कंबोडिया में अवैध रूप से रह रहे 46 नेपाली नागरिकों को स्वदेश भेजा गया

**काठमांडू**, (हि.स.)। कम्बोडिया में अवैध रूप से रह रहे 46 नेपाली नागरिकों को स्वदेश वापस भेजा गया है। कम्बोडिया से बचाकर लाए गए नेपाली नागरिक गुरुवार को नेपाल पहुंचे हैं। थाईलैंड में नेपाली राजदूतावास ने एक बयान में बताया कि ये नेपाली नागरिक विभिन्न लालच में पड़कर अलग-अलग माध्यमों से कम्बोडिया पहुंचे थे, जहां उन्हें अवैध रूप से संचालित ऑनलाइन स्कैमिंग सेंटर, कसीनो में ऑनलाइन ठगी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लगाया गया था। साथ ही वे बिना वीज़ा के वहां रह रहे थे। नेपाल के 46 नागरिक १३ और १४ अप्रैल को भेजे गए,




जो गुरुवार को नेपाल पहुंचे हैं। दूतावास ने यह भी जानकारी दी है कि कम्बोडिया में फंसे अन्य नेपाली नागरिकों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं। दूतावास के अनुसार नेपाली नागरिकों को ऑनलाइन ठगी जैसे गैरकानूनी कार्यों में लगाया जा रहा है और कई लोग बिना वीज़ा या वीज़ा अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां रह रहे हैं। कम्बोडिया के पर्यटन संबंधी आंकड़ों के अनुसार हाल के वर्षों में वहां जाने वाले नेपाली नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2021 में सिर्फ 101 नेपाली पर्यटक वीज़ा पर कम्बोडिया गए थे। इसके बाद 2022 में यह संख्या 1977, 2023 में 2940, 2024 में 6404 और 2025 में बढ़कर 9676 हो गई है।

### नेपाल में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में इजाफा, डीजल और मिट्टी का तेल हुआ 30 रुपये प्रति लीटर महंगा




**काठमांडू**, (हि.स.)। नेपाल आयल निगम ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में आज एक बार फिर वृद्धि की है। नई मूल्य सूची के अनुसार, डीजल और मिट्टी के तेल (केरोसीन) की कीमत में प्रति लीटर 30 रुपये की वृद्धि की गई है, जबकि हवाई ईंधन में प्रति लीटर 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। संशोधित दरों के अनुसार डीजल और मिट्टी के तेल का मूल्य प्रति लीटर 237 रुपये और हवाई ईंधन का मूल्य प्रति लीटर 256 रुपये हो गया है। निगम का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा भेजी गई नई मूल्य सूची के आधार पर गणना करने पर अभी भी भारी घाटा बना हुआ है। लागत मूल्य अधिक और बिक्री मूल्य कम होने के कारण मूल्य समायोजन के बाद भी पेट्रोल पर प्रति लीटर 2 रुपये 32 पैसे, डीज़ल पर 87 रुपये 99 पैसे, मिट्टी के तेल पर 36 रुपये 70 पैसे और खाना पकाने वाले एलपी गैस पर प्रति सिलेंडर 331 रुपये 25 पैसे का घाटा कायम है। निगम की विज्ञप्ति के अनुसार, पखवाड़े के आधार पर कुल लगभग 7 अरब 81 करोड़ 61 लाख रुपये का घाटा हो रहा है।

# तुर्किये में स्कूल में गोलीबारी, पांच और ने दम तोड़ा, अब तक नौ की मौत

**अंकारा**, (हि.स.)।

**01: घटना के बाद राष्ट्रपति एर्दोगन ने कड़ी कार्रवाई और जवाबदेही तय करने की बात कही है।**

---------------

**02: स्कूल को चार दिनों के लिए बंद कर दिया गया है और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।**

---------------

तुर्किये के दक्षिणी हिस्से कहमनमारास प्रांत में स्थित आयसेल कैलिक मिडिल स्कूल में बुधवार को एक दर्दनाक गोलीबारी की घटना हुई। इस हमले में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। शुरुआत में चार लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी, लेकिन बाद में पांच और घायलों ने दम तोड़ दिया। घायलों में छह की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज आईसीयू में चल रहा है।



**जांच और प्रशासनिक कार्रवाई**

जांच में सामने आया है कि हमलावर ने पांच बंदूकों और सात मैगजीन का इस्तेमाल किया। घटना के बाद पुलिस ने उसके पिता, जो एक पुलिस अधिकारी हैं, को हिरासत में ले लिया है। प्रशासन ने शुरुआती जांच के आधार पर लापरवाही की आशंका जताई है और संबंधित अधिकारियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

**सरकार और राष्ट्रपति की प्रतिक्रिया:** राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने संसद में कहा कि इस घटना में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों हुई एक अन्य गोलीबारी के बाद भी चार अधिकारियों को निलंबित किया गया है। स्कूल को चार दिनों के लिए बंद कर दिया गया है, जबकि पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

**हमलावर की पहचान और हमला:** अधिकारियों के अनुसार, हमलावर आठवीं कक्षा का 13 वर्षीय छात्र था, जिसने अपने बैग में बंदूकें छिपाकर स्कूल में प्रवेश किया। उसने दो कक्षाओं में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में एक शिक्षक और तीन छात्रों की मौत हुई, जबकि हमलावर की भी मौत हो गई। बताया गया है कि उसने अपने पिता की बंदूकों का इस्तेमाल किया।

# पाकिस्तान के खैबर- पख्तूनख्वा प्रांत में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद**, (हि.स.)। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस और सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ चल रही है। पुलिस ने बुधवार आधीरात बाद बगटू टॉप सरकी और चंबा गुल इलाकों को घेर लिया। पुलिस का कहना है कि आतंकवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे इस बड़े अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कोहाट के उच्च पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पिछले कई घंटों से यह अभियान चल रहा है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक घिर चुके सभी आतंकवादी मार नहीं दिए जाते। कोहाट के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह अभियान अब निर्णायक दौर में है।

# आईपीएल 2026 : पंजाब किंग्स की दमदार जीत, मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर टॉप पर पहुंची

**मुंबई,** (हि.स.)। आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई की ओर से क्विंटन डिकॉक की नाबाद 112 रन की शानदार पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 195/6 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। डिकॉक ने 60 गेंदों में 112 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें कई चौके-छक्के शामिल रहे। उनके साथ नमन धीर ने 50 रन बनाकर तीसरे विकेट के लिए 122 रन की अहम साझेदारी की। शुरुआती झटकों के बाद इस साझेदारी ने मुंबई को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 16.3 ओवर में 198/3 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम के ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने 39 गेंदों में 80 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने 35 गेंदों में 66 रन बनाकर जीत सुनिश्चित की। दोनों के बीच 139 रन की साझेदारी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। इस मुकाबले में कई रिकॉर्ड भी बने।प्रभसिमरन सिंह 25 साल की उम्र से पहले पंजाब किंग्स के लिए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। वहीं श्रेयस अय्यर ने वानखेड़े स्टेडियम में अपने करियर का पहला अर्धशतक जड़ते हुए 11 साल का इंतजार खत्म किया और लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। मुंबई की गेंदबाजी इस मैच में कमजोर साबित हुई और अल्लाह गजनफर को छोड़कर कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। दूसरी ओर, पंजाब की यह पांच मैचों में चौथी जीत है, जबकि एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द हुआ था। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने साफ कर दिया है कि इस सीजन में वह खिताब की प्रबल दावेदार है, जबकि मुंबई इंडियंस को लगातार चौथी हार से अपने प्रदर्शन पर गंभीरता से विचार करना होगा।





# चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, खलील अहमद चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज खलील अहमद क्वाड्रिसेप (जांघ) की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान उन्हें यह चोट लगी थी। 17वें ओवर की आखिरी गेंद डालने से पहले खलील अचानक रन-अप के दौरान रुक गए और अपने दाहिने पैर को पकड़ लिया। शुरुआत में यह सामान्य क्रैम्प्स जैसा लगा, लेकिन खलील दोबारा गेंदबाजी करने की कोशिश के बाद असहज दिखे और उन्होंने डगआउट



की ओर इशारा करते हुए मैदान छोड़ दिया। इसके बाद उनके ओवर की आखिरी गेंद गुरजपनीत ने पूरी की। 28 वर्षीय खलील अहमद इस सीजन में चेन्नई की गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा थे। उनकी गैरमौजूदगी टीम के संतुलन पर असर डाल सकती है, खासकर डेथ ओवरों में। खलील की जगह लेने के लिए महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष विकल्प के रूप में सामने हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी खलील की तरह ही विकल्प दे सकते हैं, वहीं दाएं हाथ के तेज गेंदबाज रामकृष्ण घोष टीम को अलग तरह का संयोजन प्रदान कर सकते हैं। इस चोट के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी गेंदबाजी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है, जो आगे के मुकाबलों में उनके प्रदर्शन पर असर डाल सकता है।

# बायर्न म्यूनिख ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

**म्यूनिख**, (हि.स.)। जर्मनी के दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख ने स्पेन के रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड को बुधवार रात एक रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर (कुल स्कोर 6-4) यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में आखिरी पलों में लुइस डियाज और माइकल ओलिसे के गोल ने बायर्न को यादगार जीत दिलाई।

मुकाबले के 89वें मिनट में लुइस डियाज ने गोल कर बायर्न को बढ़त दिलाई, जबकि इंजरी टाइम में माइकल ओलिसे ने गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। इस जीत के साथ बायर्न अब सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से



भिड़ेगा।

मैच के 86वें मिनट में रियल मैड्रिड के मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा को दो पीले कार्ड मिलने के बाद मैदान से बाहर कर दिया गया। इसके बाद मैच के अंत में आर्डा गुलर को भी असंतोष जताने पर रेड कार्ड मिला, जिससे टीम की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा।

**दूसरे हाफ में दिखा संघर्ष और अंत में बायर्न की जीत:** दूसरे हाफ में खेल की रफ्तार थोड़ी धीमी रही, लेकिन दोनों टीमों ने मौके बनाए। मैनुअल नॉयर ने शानदार बचाव कर बायर्न को मैच में बनाए रखा। हालांकि अंत में कामाविंगा के रेड कार्ड के बाद बायर्न ने इसका पूरा फायदा उठाया और लगातार दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। बायर्न के कोच विन्सेंट कोम्पनी ने टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, "यह क्लब के लिए शानदार रात रही। टीम ने एकजुटता और आत्मविश्वास दिखाया, जो जीत की सबसे बड़ी वजह बनी।" वहीं रियल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने रेड कार्ड पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने बड़े मैच में इस तरह का फैसला खेल की खूबसूरती को प्रभावित करता है। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने शानदार वापसी का उदाहरण पेश किया और अब उसकी नजरें खिताब जीतने पर टिकी हैं।

### पहले हाफ में गोलों की बरसात

मुकाबले की शुरुआत बेहद तेज रही और सिर्फ 35 सेकंड में ही आर्डा गुलर ने गोल कर रियल को बढ़त दिलाई। इसमें बायर्न के गोलकीपर मैनुअल नॉयर की बड़ी गलती रही। हालांकि बायर्न ने पांच मिनट बाद ही अलेक्जेंडर पावलोविच के हेडर से बराबरी कर ली। 29वें मिनट में गुलर ने शानदार फ्री-किक से रियल को फिर बढ़त दिलाई, लेकिन हैरी केन ने आठ मिनट बाद गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद किलियन एम्बाप्पे ने हाफ टाइम से ठीक पहले गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

# आईपीएल में वापसी के लिए तैयार पैट कमिंस, गेंदबाजी के लिए पूरी तरह फिट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस पूरी तरह फिट होकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में वापसी के लिए तैयार हैं। सिडनी में हुए ताजा स्कैन में पुष्टि हुई है कि उनकी पीठ की स्ट्रेस इंजरी अब पूरी तरह ठीक हो चुकी है और उन्हें बिना किसी प्रतिबंध के गेंदबाजी की अनुमति मिल गई है।

**चोट से पूरी तरह उबरने के बाद राहत:** कमिंस पिछले वर्ष अगस्त के बाद से लगातार चोट से जूझ रहे थे और इस दौरान सीमित क्रिकेट ही खेल पाए। अब मेडिकल रिपोर्ट



साफ आने के बाद उनके आईपीएल में खेलने का रास्ता पूरी तरह खुल गया है।

**भारत लौटकर टीम से जुड़ेंगे** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज शुक्रवार को भारत लौटेंगे और सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ेंगे। हालांकि टीम इस सप्ताह चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले खेलेगी, लेकिन कमिंस तुरंत मैदान में उतरने के मूड में नहीं हैं।

**राजस्थान रॉयल्स मैच में वापसी की उम्मीद:** कमिंस 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में प्लेइंग इलेवन में वापसी कर सकते हैं। टीम प्रबंधन भी उनकी फिटनेस को देखते हुए कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता।

**कप्तानी की जिम्मेदारी फिर मिल सकती है:** उनकी वापसी के साथ ही कप्तानी फिर से उनके हाथों में जाने की संभावना है। उनकी अनुपस्थिति में ईशान किशन टीम की कमान संभाल रहे थे। फिलहाल सनराइजर्स अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

**आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम:** कमिंस का लक्ष्य आईपीएल के बाद ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम में भी पूरी तरह फिट रहना है, जिसमें भारत दौरे सहित कई बड़ी सीरीज शामिल हैं। टीम कोच ने उनकी फिटनेस को "शानदार" बताया है और उनकी तैयारी को संतोषजनक करार दिया है।

# लखनऊमें जीत के बाद कोहली ने आरसीबी के प्रदर्शन को सराहा, कहा- हम पूरे मैच में आगे रहे

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 5 विकेट से मिली जीत के बाद टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि टीम ने शुरुआत से ही पेशेवर रवैया अपनाया और विपक्ष को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

**आक्रामक रणनीति से दबाव कायम:** कोहली ने कहा कि फिल सॉल्ट के जल्दी आउट होने के बाद टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। बल्लेबाजों ने लगातार लय बनाए रखते हुए छोटे-छोटे अंतराल पर सही शॉट चयन



किया, जिससे दबाव पूरी तरह विपक्ष पर बना रहा।

**अंत में मजबूत फिनिश** उन्होंने स्वीकार किया कि वह चाहते थे कि टीम कम विकेट खोए, लेकिन अंत में रोमारियो शेफर्ड ने उपयोगी पारी खेलकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कराया। आरसीबी ने 15.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 149 रन का लक्ष्य हासिल किया।

**गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन** कोहली ने गेंदबाजों की भी खुलकर तारीफ की। भुवनेश्वर कुमार, रासिख सलाम और जोश हेजलवुड ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। रासिख सलाम ने 4 विकेट, भुवनेश्वर ने 3 विकेट और क्रुणाल पांड्या ने 2 विकेट झटके।

**कोच और खिलाड़ियों की प्रतिक्रिया:** मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने टीम की फील्डिंग और ऊर्जा की सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार तालमेल दिखाया। वहीं जोश हेजलवुड ने कहा कि पिच धीमी थी, लेकिन टीम ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को जल्दी ढाल लिया और योजनाओं को सही तरीके से लागू किया।

# मुंबई इंडियंस ने घायल अंकोलेकर की जगह कृष भगत को टीम में किया शामिल

**मुंबई,** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को चोटिल अथर्व अंकोलेकर के स्थान पर 21 वर्षीय ऑलराउंडर कृष भगत को टीम में शामिल किया है।

अंकोलेकर चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। अथर्व अंकोलेकर बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज ऑलराउंडर हैं। वह भारत की अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्हें इस सीजन की नीलामी में 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर मुंबई इंडियंस ने



खरीदा था।कृष भगत पंजाब के युवा ऑलराउंडर हैं, जो मुख्य रूप से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। भगत अब तक पंजाब के लिए 7 प्रथम श्रेणी और 9 लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं।

गौरतलब है कि कृष भगत पिछले दो सीजन से मुंबई इंडियंस के ट्रायल में हिस्सा ले रहे थे और इस सीजन में नेट गेंदबाज के रूप में टीम के साथ जुड़े हुए थे।

मुंबई इंडियंस ने उन्हें भी 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर अपने साथ जोड़ा है।

# एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के 17 में से 11 पदक पीडब्ल्यूएल पहलवानों के नाम

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) सीजन 5 की सफल वापसी का असर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साफ नजर आ रहा है। लीग में भाग लेने वाले कई भारतीय और विदेशी पहलवानों ने हालिया वैश्विक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर इसकी उपयोगिता साबित की है।

**सुजीत और मीनाक्षी का शानदार प्रदर्शन:** 65 किग्रा वर्ग में सुजीत कलकल ने विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल करते हुए लगातार तीन अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीते। वहीं 53 किग्रा वर्ग में मीनाक्षी गोयत ने रजत पदक जीतकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

**अन्य पहलवानों का भी योगदान:** अमन सहरावत ने रजत, दिनेश धनखड़ ने कांस्य पदक जीते, जबकि नेहा सांगवान ने भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव छोड़ा। उभरते पहलवान अभिमन्यु ने एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर भविष्य की उम्मीद जगाई। विदेशी खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने भी लीग की गुणवत्ता को साबित किया है।

